उज्जैन
शनिवार
16
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-192
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



मौनी रॉय और सूरज नाबियार का तलाक शादी के 4 साल बाद अलग होने का फैसला बोले- आपसी सहमति से शादी खत्म की

पेज- 8

## विदेश यात्राओं पर टैक्स की खबरें गलत, विदेश जाने पर रोक नहीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश यात्रा पर भारत सरकार के टैक्स-सैस लगाने की खबरों को गलत बताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- यह पूरी तरह से गलत है। इसमें जरा भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने लिखा कि विदेश यात्रा पर इस तरह की पाबंदियां लगाने का तो कोई सवाल ही नहीं उठता। हम अपने लोगों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मोदी का यह पोस्ट उन मीडिया पर आया, जिनमें दावा किया गया कि भारत सरकार विदेश यात्रा पर टैक्स/सेस/सरचार्ज लगाने पर विचार कर रही है। इसके लिए हाईलेवल पर चर्चा हो रही है।

## मोदी 9 साल बाद नीदरलैंड पहुंचे, पीएम डिक शूफ से मिलेंगे

**एम्स्टर्डम।** पीएम मोदी 9 साल बाद नीदरलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा भारत और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनाने के लिहाज से काफी अहम है। इस यात्रा में व्यापार, टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, वाटर मैनेजमेंट, ग्रीन एनर्जी और रक्षा सहयोग जैसे कई बड़े मुद्दों पर बातचीत होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम मोदी 15 से 17 मई तक नीदरलैंड में रहेंगे। इस दौरान उनकी मुलाकात नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ से होगी। दोनों नेता कई अहम समझौतों पर चर्चा करेंगे। इस दौरे का सबसे बड़ा फोकस सेमीकंडक्टर और हाई-टेक इंडस्ट्री को माना जा रहा है। भारत इस समय अपनी चिप मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा है। इसी वजह से भारत की नजर डच टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी पर है।

## ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के खिलाफ एफआईआर



**कोलकाता।** ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ धमकी भरा बयान देने का आरोप है। केस उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता राजीब सरकार ने 5 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद यह शिकायत बागुईआटी पुलिस स्टेशन में दी गई थी।

## केंद्रीय मंत्री बंदी के बेटे की गिरफ्तारी पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने ढडउरड केस में केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी बागीरथ की गिरफ्तारी पर रोक नहीं लगाई। उनकी अंतरिम अग्रिम जमानत याचिका पर अब अगली वेकेशन कोर्ट में आदेश आएगा। जस्टिस टी माधवी देवी ने शुक्रवार शाम याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई करीब आधी रात तक चली। बागीरथ के वकील ने आदेश आने तक गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन कोर्ट ने इनकार कर दिया। 8 मई को 17 साल की लड़की की मां की शिकायत पर बागीरथ के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। शिकायत के मुताबिक, बागीरथ ने लड़की को सेक्सुअल हैरेसमेंट किया। पीड़िता का बयान के बाद पास्को एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं।

### रात में नेशनल हाईवे 52 पर मक्सी-शाजापुर के बीच बड़ा हादसा

# बस में लगी आग से जिंदा जला 4 साल का मासूम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**नेशनल हाईवे पर हुई घटना, 35 यात्री थे सवार**

रात में नेशनल हाईवे 52 मक्सी शाजापुर के बीच बड़ा हादसा हो गया। एसी बस में लगी आग में 4 साल का मासूम जल कर मौत की आगोश में समा गया। यात्रियों को कांच खोलकर बाहर निकाल लिया गया था।

तराना थाना उपनिरीक्षक हरिराम अंगोरिया ने बताया कि रात में इंदौर से ग्वालियर के लिए एसी वोल्वो बस रवाना हुई थी जो शाजापुर-मक्सी के बीच नेशनल हाईवे पर होटल जैन पथ के सामने पहुंची थी। बस का स्टॉपेज होने पर कुछ यात्री नीचे उतर गए थे और कुछ यात्री बस में ही बैठे हुए थे। लगभग 35 से 36 लोग इंदौर से ग्वालियर के बीच की यात्रा कर रहे थे। उसी दौरान बस में अचानक आग लग गई और देखते-देखते आग तेजी से फैल गई।

### अफरा-तफरी में बच्चे का ध्यान नहीं रहा और वह बस में ही छूट गया

आसपास के लोगों ने खिड़की दरवाजों के कांच तोड़कर यात्रियों को बाहर निकलना शुरू किया। इस बीच 4 साल के बच्चा बस में ही फस गया और उसके मां और भाई को लोगों ने बाहर निकाल लिया। यात्रियों की अफरा तफरी में बच्चे का ध्यान नहीं रहा और वह बस में ही छूट गया। बस पूरी तरह से चल चुकी थी जिसमें मासूम की भी जलने से मौत हो गई। उप निरीक्षक के अनुसार मासूम बच्चा शिवपुरी का रहने वाला था। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट सामने आ रही है। घटनाक्रम के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई थी वहीं होटल संचालक और उनके कर्मचारियों ने 25 से अधिक यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकल गया था। बताया यह भी जा रहा है कि आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई थी लेकिन वह देरी से पहुंची जिसके कारण बड़ा हादसा हो गया।

# मानसून जल्दी आएगा

### सुपर-अलनीनो इसे कमजोर कर सकता है, सूखा पड़ने का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



मौसम विभाग के मुताबिक मानसून तय समय से 4 दिन पहले 26 मई को केरलम पहुंच सकता है। हालांकि अमेरिकी मौसम एजेंसी नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (नोआ) के अनुसार इस साल सुपर अल नीनो का आना लगभग तय हो गया है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका ज्यादा हो गई है।

अल नीनो एक जलवायु घटना है, जो प्रशांत महासागर में पानी गर्म होने पर होती है। इससे मानसूनी हवाएं दिशा बदल देती हैं। इसके असर से भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होगी और भीषण गर्मी पड़ेगी। भारत में सामान्य रूप से मानसून की एंट्री 1 जून को केरलम से होती है। इस बार यह अन्य प्रदेशों में भी जल्द पहुंचेगा। राजस्थान में इसके 20 जून, मध्य प्रदेश में 12 जून, उत्तर प्रदेश में 18 जून और बिहार में 8-10 जून के बीच पहुंचने की संभावना है।

गर्मी की बात करें तो राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड और विदर्भ में आज हीटवेव का अलर्ट है। इन राज्यों के कई जिलों में तापमान 46 डिग्री-47 डिग्री के बीच पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश-विदर्भ में आज रात में भी लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। महाराष्ट्र के अमरावती में 45.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजस्थान के फलौदी में भी पारा 44.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मप्र के भोपाल में पारा 42 डिग्री पार कर गया, जिससे यहां सड़कों पर डामर पिघल गया।

## चांदी एक दिन में 18,693, सोना 2,949 सस्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 18,693 रुपए घटकर 2.68 लाख रुपए रह गई, जो गुरुवार को 2.87 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,949 रुपए घटकर 1.58 लाख रुपए आ गया। इससे पहले 16 अप्रैल को यह 1.61 लाख पर था। सोना ऑल टाइम हाई से 106 दिन में 17,911 रुपए और चांदी 1,17,433 रुपए सस्ती हुई है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख/10 ग्राम और चांदी 3.86 लाख/किलो थी। रविवार को कर्नाटक और तेलंगाना की सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की थी।

## भगवान महाकाल के दरबार में भारतीय महिला क्रिकेट टीम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार सुबह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित अन्य खिलाड़ियों ने तड़के भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्य तड़के करीब 3 बजे मंदिर पहुंचे। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ कोच भी शामिल हुए। कप्तान हरमनप्रीत के साथ प्रवीण शर्मा, अमोल मुजुमदार, अरुंधति, शेर सिंह, अनिरुद्ध, भारती, साल्वी, श्रेयंका, रेणुका, राखी, धनंजय, नंदिनी, सचिन, पूर्वा, यस्तिका, शैफाली, दीप्ति, ममता, राधा, क्रांति, रुचा, मुनीश, नल्लापु, गोल्लाने सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

### पदक्रम सूची ही अभी तक जारी नहीं हो सकी...

# कर्मचारी ग्रेडेशन लिस्ट का इंतजार कर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में सरकारी विभागों, निगम-मंडलों और उपक्रमों में से अधिकांश ने अब तक पदक्रम सूची ही जारी नहीं की है। नियम के अनुसार 1 अप्रैल 2024 को इन सूचियों को जारी कर दिया जाना चाहिए था, ताकि प्रदेश के हर कर्मचारी को अपने विभाग में खुद की सीनियरिटी और अन्य जानकारी मिल सके। इसके बाद भी प्रदेश के सात लाख में से लगभग पांच लाख से अधिक कर्मचारी अब तक ग्रेडेशन लिस्ट का इंतजार कर रहे हैं। कई विभागों ने जहां अंतरिम लिस्ट जारी कर दावे और आपत्तियां बुलाई है, वहीं कुछ विभाग तो ऐसे भी हैं, जहां लिस्ट बनाने का काम ही शुरू नहीं हुआ है।

**सूची के आधार पर ही तय होगा प्रमोशन का दायरा-** इस साल कर्मचारियों को उम्मीद है कि प्रमोशन को लेकर अदालती विवाद का दौर खत्म हो जाएगा। इसके बाद प्रदेश में पदोन्नति की राह खुल सकती है। इस लिहाज से 2026 की ग्रेडेशन लिस्ट को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके आधार पर ही यह पता चलेगा कि कौन सा कर्मचारी कितना सीनियर है और उसका नंबर प्रमोशन के लिए कब आएगा। अगर आरक्षण का मुद्दा इस साल निपट जाता है, तो 2026 की ये सूचियाँ ही तय करेंगी कि किसका प्रमोशन होगा और किसका नहीं। ऐसे में अब सरकारी विभागों के कर्मचारी परेशान हैं क्योंकि बिना लिस्ट के उन्हें यह पता ही नहीं चल पा रहा है कि विभाग में उनकी सीनियरिटी क्या है।

### विभागों में ये हैं हालात

**स्कूल शिक्षा विभाग**: उच्च श्रेणी शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक की अंतरिम पदक्रम सूची जारी की, 8 जून तक दावे-आपत्ति बुलाए। प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च माध्यमिक आदि की ग्रेडेशन लिस्ट अब तक जारी नहीं हुई।

**राजस्व विभाग**: अब तक ग्रेडेशन लिस्ट फाइनल नहीं की।

**कृषि विभाग**: सीनियरिटी लिस्ट जारी नहीं हो पाई है, जबकि मंडी बोर्ड में 2025 तक की ग्रेडेशन लिस्ट जारी हुई है।

**जल संसाधन विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई)**: यहां भी पदक्रम सूची जारी नहीं हो पाई है, पिछले साल की सूची के आधार पर नई लिस्ट बन रही है।

**महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग**: अब तक पदक्रम सूची तैयार नहीं कर पाए हैं।

**स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग**: कुछ डॉक्टरों और कर्मचारियों के संवर्ग की सूची जारी की गई है, जबकि शेष का काम जारी है। आयुष विभाग से फिलहाल पदक्रम सूची को लेकर कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

**उच्च शिक्षा विभाग**: प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर की ग्रेडेशन लिस्ट पहले से विवादों में है क्योंकि इसे 2012 के आधार पर तैयार किया गया था। इसमें सुधार किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा विभाग में भी ग्रेडेशन लिस्ट नहीं बन पाई है।

**गृह विभाग**: इसके अधीन पुलिस के एक लाख 60 हजार से अधिक अफसर-कर्मचारी आते हैं। इनकी पदक्रम सूची लगभग तैयार है, जल्द जारी होगी।

**आईएएस और आईपीएस**: इनकी पदक्रम सूची जारी हो चुकी हैं।



409, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
Gunjan Shrivastav 98263 96368

## खबर एक नजर...

### खेत का सेडा फाड़ने पर 2 कृषकों के बीच विवाद

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम मालगावड़ी निवासी श्यामलाल पिता गोवर्धन राठौर 63 साल और छोगालाल भुवान राठौर 60 साल के खेत पास-पास बने हुए है। दोनों के खेत का रास्ता भी एक ही है। जिससे निकलने पर दोनों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा है। 17 अक्टूबर 2025 को मामले में तहसील कार्यालय से दोनों को एक ही रास्ते से निकलने के आदेश भी जारी कर दिये गये थे। बीती शाम दोनों के बीच रास्ते से निकलने की बात पर विवाद हुआ। जिसके बाद खेत सेड़ा फाटने का प्रयास किया गया। जिसको लेकर विवाद काफी बढ़ गया, छोगालाल और उसके पुत्र कमल और अनिल ने कुल्हाड़ी से श्यामलाल पर हमला कर दिया। वहीं श्यामलाल ने भी अपने परिवार के साथ मिलकर छोगालाल और उसके पुत्रों से मारपीट की। चोंट लगने पर श्यामलाल के साथ छोगालाल और उसका पुत्र कमल घायल हो गये। मामला पुलिस तक पहुंचा तो दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। श्यामलाल को कुल्हाड़ी से हाथ में ज्यादा चोंट लगी थी, जिसके चलते उसे उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### शराब तस्कर को कोर्ट ने सुनाई सजा

**उज्जैन।** अवैध शराब के साथ हिरासत में आये युवक को 12 साल बाद कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई है। शराब तस्कर पर 25 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। 4 अप्रैल 2014 को नागदा चौपाटी से पुलिस ने बाइक सवार बंशी पिता लालचंद्र निवासी जी ब्लॉक टापरी को अवैध शराब के साथ पकड़ा था। बंशी के पास से 6 पेटी देशी शराब की बरामद हुई थी। मामले में आबकारी की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। 12 साल चली सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विन परमार ने फैसला सुनाते हुए 1 साल का सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कुलदीपसिंह भदौरिया के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को दंडित किया है।

### छत की सीढ़ियों से गिरने पर वृद्ध महिला की मौत

**उज्जैन।** रिश्तेदारी में आई वृद्ध महिला शुक्रवार दोपहर छत की सीढ़ियों से नीचे गिर गई। सिर में चोंट लगने पर उन्हे निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन महिला की मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। मृतक वृद्धा का पुत्र अमेरिका में है, जिसके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। माधवनगर थाना क्षेत्र के ऋषिनगर में रहने वाले त्रिवेदी परिवार के यहां गुजरात के बडोदरा से आशा पति दीपक भट्ट 61 वर्ष कुछ दिन पहले आई थी। उज्जैन में रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के बाद वह त्रिवेदी परिवार के यहां ठहरी थी। शुक्रवार सुबह वह सीढियों से छत पर गई थी, जहां सीढ़ियों की दीवार से टिककर खड़ी थी, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गई। सिर में चोंट लगने पर त्रिवेदी परिवार के सदस्य उन्हे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन आशा भट्ट की मौत हो चुकी थी। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया। जहां फ्रीजर में रखा गया है। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार मृतिका का पुत्र अमेरिका में रहता है। जिसके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। आशा भट्ट के साथ जहां हादसा हुआ है, वह बेटे के ससुराल पक्ष का परिवार है।

### महाप्रभु जी की 63वीं बैठक में 17 मई से होंगे 30 दिवसीय विशेष मनोरथ


**उज्जैन।** श्री महाप्रभुजी की 63वीं बैठक में 17 मई से 15 जून तक 30 दिवसीय विशेष मनोरथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी एवं बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर ने बताया कि ये सभी मनोरथ पुष्टिमार्ग गो. सि. 108 श्री राकेशजी इन्द्रदमन महाराज, श्री पुष्टिमार्ग गोस्वामी 105 श्री विशाल बाबा एवं पुष्टिमार्ग 105 चि. श्री लाल गोविंदजी बाबा साहब की आज्ञा अनुसार तय किए गए हैं। इन आयोजनों की अधिकृत सूची बैठक के ट्रस्टी द्वारा प्रकाशन हेतु जारी कर दी गई है। कार्यक्रम के तहत लगातार 30 दिनों तक प्रतिदिन प्रातः एवं संध्या के समय भगवान के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन और मनोरथ संपन्न होंगे।

**आज विशेष संयोग में शनि जयंती और शनिचर अमावस्या**

# त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में भारी भीड़

## सुबह से भक्त पहुंचे शिप्रा में स्नान करने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





शनिवार को 13 साल बाद विशेष संयोग में शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या का पर्व मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में देर रात से दर्शन के लिए पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने शिप्रा नदी में स्नान के लिए फव्वारों की व्यवस्था की है।

उज्जैन के अंकपात मार्ग स्थित श्री शनिदेव मंदिर में दो दिवसीय उत्सव के तहत शनिवार शाम 7 बजे श्री शनिदेव मंदिर, निकास चौराहा, उज्जैन पर महाआरती के बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल होंगे।

ज्येष्ठ अमावस्या के मौके पर उज्जैन में शनिचरी अमावस्या और शनि जयंती के विशेष महासंयोग में शनि मंदिर में दिनभर विशेष अनुष्ठान हुए। तड़के मंदिर के पट खुलने के बाद शनि भगवान का पंचामृत अभिषेक और पूजन किया गया।

इसके बाद आरती कर भक्तों को दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश दिया गया। मंदिर में पुष्प और विद्युत सज्जा की विशेष व्यवस्था की गई है। गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं की एंट्री बंद रही। महंत राकेश बैरागी ने बताया कि शनि मंदिर में 24 घंटे तक तेल अर्पण जारी रहेगा।

देशभर से आए श्रद्धालु दर्शन, तप और स्नान कर रहे हैं। भक्त पहले शिप्रा नदी में स्नान कर अपने जूते-चप्पल और कपड़े मंदिर के बाहर दान स्वरूप छोड़ रहे हैं। वे अपने साथ लाए तेल, नारियल, काला कपड़ा और काले तिल भगवान को अर्पित कर दान-पुण्य कर रहे हैं। मान्यता है कि यहां तेल चढ़ाने से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या से मुक्ति मिलती है।

त्रिवेणी घाट स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर में लाखों श्रद्धालु शिप्रा स्नान और शनिदेव के दर्शन के लिए जुटे। शिप्रा नदी के त्रिवेणी घाट पर फव्वारों से स्नान की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। सिंहस्थ के कार्यों के कारण नदी में जल स्तर कम होने से नर्मदा नदी से जल लाकर स्नान की व्यवस्था की गई है। भीड़ को देखते हुए पुलिस, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहीं।

### शनि महाराज की अनुकूलता के लिए उपाय

पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि शनि महाराज को प्रसन्न करने के लिए प्रातः पीपल वृक्ष पर जल और कच्चा दूध अर्पित करें, काले तिल चढ़ाएं और तिल के तेल का दीपक जलाएं। शनि स्तोत्र का पाठ करें। नारियल में राजगीरे के आटे का मिश्रण भरकर भूमि में दबाने का भी विधान बताया गया है तथा पूर्व जन्म के ज्ञात-अज्ञात दोषों के लिए क्षमा प्रार्थना करने का सुझाव दिया गया है। शनि मंदिर में शनि प्रतिमा के चरणों में तिल के तेल का अभिषेक किया जाता है। जहां शिवलिंग स्वरूप पिंडी है, वहां तैलाभिषेक का विधान है। साथ ही काले उड़द, काले तिल, काला कपड़ा, नारियल, लोहे की वस्तुएं, छाता, चप्पल और वस्त्र आदि का दान किया जाता है तथा जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता है। शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, महादशा, अंतर्दशा, प्रत्यंतर दशा एवं सूक्ष्म प्रत्यंतर दशा के प्रभावों की शांति के लिए वैदिक ब्राह्मणों द्वारा जप, हवन और अभिषेकात्मक अनुष्ठान कराए जा सकते हैं। इसके साथ ही सुंदरकांड, हनुमान अष्टक और हनुमान स्तवन का पाठ भी शनि अनुकूलता के लिए शुभ माना जाता है।

**बगैर लायसेंस और पुलिस वेरिफिकेशन के चल रहा काम, कई नाबालिगों के हाथ कमान**

# ई-रिक्शा की सुविधा अब मर्ज में बदली, जाम के हाल

## आमजन पुराने शहर में जाम की परेशानी का कारण यही बता रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पर्यावरण एवं प्रदुषण मुक्ति की सुविधा लेने के लिए ई-रिक्शा को बढावा दिया गया था। इनके लिए नियम शिथिल किए गए। अब यह सुविधा यातायात व्यवस्था में मर्ज के रूप में तब्दील हो चुकी है। खास तो यह है कि ज्यों-ज्यों मर्ज का ईलाज करने की कोशिश की गई त्यों झत्यों उसमें बढोतरी दर्ज की गई है।

उज्जैन के यातायात के बाडे में ई झरिक्शा की अपनी धमाल चल रही है। ई-वाहनों के उपयोग को दी जा रही प्राथमिकता के चलते अब यह परेशानी की स्थिति पैदा करने के हालात बना रही है। आमजन पुराने शहर में जाम की परेशानी का कारण ई-रिक्शा एवं आटो चालकों की मनमानी को बता रहे हैं। इनकी मनमानी पर रोक लगाने में यातायात पुलिस भी बेबश हो चुकी है।

- **संख्या पर निर्धारण नहीं-** स्थिति यह है कि शहर में व्यवस्थित यातायात के लिए योजनाबद्ध तरीके से एक समय में शहर में पंजीयन के 3 हजार के लगभग ई-रिक्शा थे उस दौरान इसमें कलर कोडिंग करते हुए आधे दिन एवं आधे रात में चलवाने की योजना बनी थी। उसके बाद शहर में क्षेत्रवार चलाने की योजना बनी,लेकिन सभी योजनाएं धरातल पर आने से पहले ही ध्वस्त हो गई। यूं कहा जाए कि सुविधा लेने गए थे और बेइलाज मर्ज मिल गया तो बेहतर होगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ धार्मिक शहर में ही इससे यह स्थिति बनी हुई है। समतल क्षेत्रों के देश के अधिकांश शहरों में इसकी संख्या से यही हालात बने हुए हैं। पहाडी क्षेत्रों में इनकी संख्या नगण्य है।
- **बेरोजगारों को रोजगार मिला-** ई-रिक्शा सस्ता एवं सुलभ वाहन है। इसे लेकर कई बेरोजगारों ने अपने रोजगार की शुरूआत कर दी है। महिला एवं पुरूषों के साथ इसे नाबालिग भी चला रहे हैं। इसे अब आय के साधन के रूप में देखा जा रहा है। धार्मिक शहर होने के कारण अब उज्जैन मे वर्तमान में करीब 12-15 हजार ई-रिक्शा संचालन की जानकारी सामने आ रही है।
- **पूरी यातायात व्यवस्था ध्वस्त-** ई-रिक्शा की बढती संख्या एवं उससे पुराने शहर की यातायात व्यवस्था के भंग होने की स्थिति से रहवासी एवं व्यवसायी परेशान हो चले हैं। बेलगाम होती व्यवस्था को लेकर अब विवाद के हालात बनने लगे हैं। आए दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। पुराने शहर में आए दिन जाम के हालात बने रहते हैं जिसके पीछे आम रहवासी ई-रिक्शा को ही कारण बता रहे हैं। इन पर नियंत्रण की स्थिति को लेकर भी परेशानी है।
- **ये हैं जाम वाले प्रमुख क्षेत्र-** ई-रिक्शा का दबाव प्रमुख रूप से शहर के देवास गेट, रेलवे स्टेशन, माल गोदाम, गधा पुलिया, जयसिंहपुरा, महाकाल लोक, चार धाम मंदिर, हरसिद्धि मंदिर, राम मंदिर, नरसिंह घाट मार्ग, पटनी बाजार, गुदरी,लोहे का पुल, बेगम बाग, गोपाल मंदिर, सांदीपनि आश्रम, काल भैरव मंदिर, सिद्धवट, हरि फाटक ओवर ब्रिज, नानाखेड़ा, अंकपात, आगर नाका, कोयला फाटक, व्यायामशाला की गली, बोहरा बाखल, एटलस चौराहा, मालीपुरा और दौलतगंज सहित आसपास के मार्गों को ई-रिक्शा चालकों ने जाम की स्थिति में तब्दील कर दिया है। कुल मिलाकर पुराने शहर का अधिकांश भाग इनसे पूरी तरह से प्रभावित है।
- **चालकों का पुलिस सत्यापन हो-** कई ई-रिक्शा चालक नाबालिग और नशे के आदी हैं। इनका पुलिस द्वारा वेरिफिकेशन नहीं हुआ है, जिससे इनमें आपराधिक तत्वों के शामिल होने की पूरी संभावना है। ऐसे में विशेष अभियान चलाकर सभी र ई-रिक्शा चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से करवाया जाना चाहिए। यातायात सुगम बनाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाना चाहिए।

# स्वास्थ्य विभाग ने सील किया आदिनाथ क्लीनिक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आयुर्वेदिक पंजीयन होने पर एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को आदिनाथ क्लीनिक सील कर दिया। पिछले चार दिनों से स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों और क्लीनिकों की जांच कर रही है।

9 मई को मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबाल पॉली क्लीनिक में 11 साल की बालिका की अपेंडिक्स ऑपरेशन के बाद हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे अस्पतालों और क्लीनिकों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को जांच के लिये निकली स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लक्ष्मीनगर स्थित आदिनाथ क्लीनिक से निकल रहे मरीजों के पर्चे चैक किये तो उस एलोपैथिक दवा लिखी होना पाई गई। जबकि आदिनाथ क्लीनिक के बोर्ड पर डॉ. राजेश जैन के साथ उनके बेटे डॉ. आदिश देव कुमार जैन और पुत्री अदिति जैन के नाम लिखे थे। टीम क्लीनिक में जांच करने पहुंची जहां मध्यप्रदेश राजपत्र की प्रति और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आयुर्वेदिक पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतियां मिलीं। डॉ. जैन ने अधिकारियों को बताया कि वे इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर प्रैक्टिस कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग टीम क्लिनिक को क्लीनिक में एक पलंग, ब्लड प्रेशर जांचने की मशीन, कुर्सियां और अन्य चिकित्सा उपकरण मिले। एक कांच के चैंबर में अतिरिक्त पलंग और पुराना सामान भी रखा हुआ था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि तीन दिन पहले ही डॉ. जैन को एलोपैथिक उपचार नहीं करने की चेतावनी दी गई थी।बावजूद मौके पर एलोपैथिक इलाज जारी मिला। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बीएमएस डॉक्टरों को एलोपैथी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं है। जिसके चलते आदिनाथ क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई की गई है। सीएमएचओ डॉ अशोक पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। कुछ ओर क्लीनिक सील किये जा रहे है।

उज्जैन
शनिवार
16
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सुखार्थिनः कुतोविद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम्।।

**अर्थः** सुख की इच्छा हो तो दुःख न हो तो ज्ञान कहाँ से प्राप्त होता है? और विद्यार्थी को सुख कहाँ से मिलता है? जो सुख चाहता है उसे सीखने की आशा छोड़ देनी चाहिए और विद्यार्थी सुख भोगता है।

## खबर एक नजर...

### देवास ब्लास्ट:आरोपी मालवीय महज 7 माह में गरीब' से बना फैक्ट्री मालिक

**इंदौर।** देवास के टोंककलां में गुरुवार को हुए भीषण ब्लास्ट ने 5 लोगों की जिंदगी छीन ली, जबकि 25 से ज्यादा घायल हैं। इस त्रासदी के बीच फैक्ट्री के मजदूरों ने ही देवदूत बनकर अपने साथियों की जान बचाई। धमाका इतना तेज था कि मजदूरों के मोबाइल, कपड़े और बैग तक मलबे में दब गए। धमाके के बाद चारों तरफ धूल और धुएं का गुबार था। घायलों को मलबे से निकालने वाले मजदूर बारूद के काले धुएं से पहचान में नहीं आ रहे थे। इन मजदूरों की तत्परता न होती तो मलबे में दबे घायलों को बचाना और भी मुश्किल हो जाता। मजदूर चुन्नीलाल ऋषिदेव ने बताया-सुबह लंच खत्म हुआ ही था कि तेज धमाका हुआ। जिस कक्ष में ब्लास्ट हुआ, वहां 17-18 लोग थे। मैंने और साथियों ने तुरंत अपने पेंट-केमिकल लगे कपड़े उतारे ताकि आग न पकड़ लें, फिर नंगे बदन ही मलबे की तरफ दौड़े। जीजाजी अमित ईंटों के नीचे दबे थे, उन्हें खींचकर बाहर निकाला। साथी की वर्दी खून से सनी थी, फिर भी वह गद्दे पर घायलों को लादकर एंबुलेंस तक पहुंचा रहा था।

### इंदौर में 3 भाइयों ने युवक से की मारपीट, बिजली बंद करने का कारण पूछने पर हुआ विवाद

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में एक युवक के साथ तीन भाइयों ने मिलकर मारपीट की। बताया जाता है कि आरोपियों ने डीपी से इलाके की बिजली बंद कर दी थी। जब युवक कारण जानने के लिए वहां पहुंचा तो विवाद बढ़ गया और उस पर हमला कर दिया गया। चंदन नगर पुलिस के अनुसार, शाहनवाज खान निवासी केशव नगर की शिकायत पर अनवर पुत्र सलीम, फारूख और सिद्दकी के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज की गई है। शाहनवाज ने बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे अचानक घर की बिजली वोल्टेज कम होने के बाद बंद हो गई थी। वह जब बाहर निकला तो देखा कि डीपी के पास तीनों भाई खड़े थे। उसने वहां कारण पूछा तो आरोपियों ने उसे वहां से जाने के लिए कह दिया। जब उसने एमपीईबी (बिजली विभाग) को बुलाने की बात कही, तो तीनों ने उस पर हमला कर दिया। टीआई तिलक करोले के अनुसार, अनवर और उसके भाई आए दिन विवाद करते हैं। इससे पहले दिसंबर माह में भी अनवर और सिद्दकी ने एमपीईबी के रीडर लखन मालवीय के साथ मारपीट की थी, जिसमें शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। अनवर पर पहले से भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### इंदौर में रूई के गोदाम में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक रूई के गोदाम में आग लग गई। घटना थाना परिसर के पास बने एक कंपाउंड में हुई, जहां रूई तैयार करने का काम किया जाता था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक गोदाम में रूई और अन्य कच्चा माल बड़ी मात्रा में रखा हुआ था, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग की चपेट में आने से गोदाम के अंदर रखा काफी सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आरडी कानवा और थाना स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया। गोदाम में काम कर रहे कारीगर आग लगते ही बाहर निकल आए, जिससे किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

### भोजशाला फैसले के बाद नई कानूनी जंग की तैयारी, मुस्लिम पक्ष बोला- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

# 242 पन्नों के फैसले का होगा परीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

चर्चित धार के भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा हिंदू पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद अब इस कानूनी लड़ाई का अगला पड़ाव सुप्रीम कोर्ट बनने जा रहा है। मुस्लिम पक्ष और जैन समाज से जुड़े पक्षकारों ने साफ संकेत दिए हैं कि वे हाई कोर्ट के 242 पन्नों के विस्तृत फैसले का गहन अध्ययन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

हाई कोर्ट ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका स्वीकार करते हुए भोजशाला में हिंदू पक्ष को पूजा का विशेष अधिकार दिया है और 2003 के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसके तहत परिसर में नमाज की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने अपने फैसले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) की रिपोर्ट को महत्वपूर्ण आधार माना है।



**एएसआई की की रिपोर्ट बनी फैसले का आधार-** हिंदू पक्ष के सीनियर एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि भोजशाला को लेकर ऐतिहासिक दस्तावेज, प्राचीन ग्रंथ और एएसआई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। एएसआई ने 98 दिनों तक सर्वे किया और लगभग 2100 पन्नों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इसमें ऐसे कई प्रमाण सामने आए, जिनसे यह स्थापित होता है कि भोजशाला मां वाग्देवी और संस्कृत शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में अस्तित्व में थी। कोर्ट ने इन्हीं ऐतिहासिक और पुरातात्विक तथ्यों के आधार पर हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार दिया है।

एडवोकेट जैन के अनुसार, कोर्ट ने स्पष्ट माना कि भोजशाला का स्वरूप मंदिर परिसर का है। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया गया है, जिसके तहत मुस्लिम पक्ष को नमाज की अनुमति दी गई थी। उन्होंने इसे हिंदू पक्ष की बड़ी कानूनी जीत बताया।

### अयोध्या फैसले से अलग है भोजशाला मामला

- एडवोकेट विष्णु शंकर जैन का कहना है कि भोजशाला और अयोध्या राम मंदिर मामले की प्रकृति अलग है। अयोध्या का मामला दीवानी वाद था, जबकि भोजशाला प्रकरण रिट याचिका के रूप में सुना गया। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या फैसले में स्थापित कुछ कानूनी सिद्धांतों और एएसआई रिपोर्ट संबंधी दृष्टिकोण को कोर्ट ने आधार बनाया है।
- एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि जैन और हिंदू समाज को अलग दिखाने का प्रयास एक साजिश है। इतिहास में जैन और हिंदू मंदिर साथ-साथ बने हैं और दोनों की धार्मिक परंपराओं में कई समानताएं हैं। उन्होंने कहा कि रणकपुर के जैन मंदिर में भैरवी की पूजा होती है। साथ ही, आदिनाथ को भगवान शिव का एक रूप माना जाता है। जैन समाज में स्वस्तिक का चिह्न भी बनाया जाता है।
- उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि आदिनाथ भगवान, भगवान कृष्ण के भाई थे। कुतुब मीनार परिसर में भी यह उल्लेख है कि 27 जैन और हिंदू मंदिरों को तोड़कर उसके मलबे से निर्माण किया गया था। उन्होंने कहा कि जैन और हिंदू मंदिर हमेशा साथ बने हैं और दोनों की विचारधारा एवं दर्शन में कोई अंतर नहीं है।

### पूरा फैसला पढ़ने के बाद तय होगी रणनीति

मुस्लिम पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट नूर मोहम्मद शेख ने कहा कि अभी केवल कोर्ट द्वारा घोषित निष्कर्ष सामने आए हैं। सर्वे प्रक्रिया, एएसआई की कार्यप्रणाली, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों के पालन सहित कई मुद्दों पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्तियां दर्ज कराई थीं। अब यह देखा जाएगा कि कोर्ट उन आपत्तियों को कितना महत्व दिया है। सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका की तैयारी

# इंदौर में एमडी ड्रग बेचने वाले तस्कर पकड़ाए

### खजराना-आजाद नगर में करते थे सप्लाई, मंदसौर पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के रहने वाले तीन बदमाशों को मंदसौर पुलिस ने करीब 1 किलो एमडी ड्रग के साथ पकड़ा है। आरोपी इंदौर से माल की डिलीवरी लेने पहुंचे थे। बदमाशों से एक कार भी मिली है। जानकारी के मुताबिक वे खजराना और आजाद नगर इलाके में माल सप्लाई करते थे।

लोकल पुलिस उनके पीछे लगी थी, लेकिन उससे पहले ही मंदसौर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। तीनों नशे के आदी बताए जा रहे हैं। हालांकि, वे इंदौर के छत्रीपुरा इलाके के ही किसी व्यक्ति के कहने पर इतनी बड़ी रकम लेकर माल लेने पहुंचे थे। मंदसौर पुलिस अब पूरी चेन तलाश रही है। एसपी विनोद मीणा की टीम ने समाजवाद नगर निवासी



शोभित पिता शुभम कांटे, विश्वास उर्फ नाना पिता अशोक राठौर और नेहरू नगर निवासी दीपेंद्र पिता शैलेंद्र को पकड़ा है। आरोपियों के पास से करीब 1 किलो एमडी मिली है।

**मंदसौर पुलिस के हत्थे चढ़ गया-** शोभित छत्रीपुरा इलाके में नशा करने के साथ उसे बेचने का काम भी करता है। यहां की टीम को सूचना मिली थी कि वह खजराना और आजाद नगर इलाके में इसकी सप्लाई करता है। टीम उसे ढूंढ रही थी, लेकिन शोभित इससे पहले ही मंदसौर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके परिवार में एक बड़ा भाई है, जबकि पिता पेशे से ड्राइवर हैं।

नाना उर्फ विश्वास के खिलाफ भी पूर्व में अपराध दर्ज हैं। हर्ष पाठक हत्याकांड के समय वह छत्रीपुरा में घटनास्थल पर मौजूद था, लेकिन बाद में उसका हाथ नहीं होने के चलते पुलिस ने छोटी-मोटी कार्रवाई कर उसे छोड़ दिया था। वह भी शोभित के साथ नशा करता था। इनके साथ पकड़े गए आरोपी दीपेंद्र के पुलिस रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

**कमीशन पर माल उठाने की शंका-** शोभित छत्रीपुरा इलाके में रहने वाले ड्रग तस्करों के संपर्क में था। मंदसौर पुलिस को शंका है कि वह खुद के लिए एमडी लेने नहीं आया था। उसे किसी ने रुपए देकर यहां भेजा था। हालांकि, वे मोबाइल पर लोकेशन ढूंढ रहे थे, तभी माल लेने के दौरान पुलिस की पकड़ में आ गए। इंदौर पुलिस अब तीनों को लेकर सक्रिय हो गई है। जल्द ही इस पूरे रैकेट से जुड़े नाम सामने आने की आशंका है।

# बस घर में घुसी, अंदर थे 6 लोग, सभी सुरक्षित

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

महू के धारनाका इलाके में शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। पुलिया का काम चलने की वजह से जिस रास्ते पर गाड़ियों का आना-जाना मना था, वहां एक बस बेकाबू होकर सीधे एक घर में जा घुसी। राहत की बात यह रही कि बस में यात्री होने के बावजूद किसी की जान नहीं गई।

यह हादसा रामगोपाल वर्मा के घर में हुआ। जिस वक्त बस घर की दीवार तोड़कर अंदर घुसी, उस समय परिवार के छह लोग घर के भीतर ही थे। अचानक हुई इस टक्कर से पूरे इलाके में भगदड़ और डर का माहौल बन गया। शोर सुनकर आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और स्थिति को संभाला।

**प्रतिबंधित रास्ते पर घुसा दी बस-** बताया जा रहा है कि पुलिया के निर्माण की वजह से इस रास्ते पर बैरिकेड्स लगाकर बड़े वाहनों का प्रवेश रोका गया था। इसके बावजूद बस ड्राइवर ने लापरवाही दिखाई और मनाही के बाद भी बस को इसी रास्ते पर ले आया। इस घटना ने प्रशासन की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं कि पाबंदी के बाद भी बस वहां तक कैसे पहुंची।

# समर कैंप में 13 वर्षीय छात्रा से अश्लील हरकत

### आरोपी बॉयज हॉस्टल का वॉर्डन गिरफ्तार, अन्य बच्चियों ने भी लगाया गलत तरीके से छूने का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के एक स्कूल के समर कैंप के दौरान एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 13 वर्षीय छात्रा की शिकायत के बाद गुरुवार देर रात कैंपस में हंगामे की स्थिति बन गई।

सूचना मिलने पर पुलिस हॉस्टल पहुंची और महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में छात्रा व स्टाफ से पूछताछ की गई। मामले में बॉयज हॉस्टल के वॉर्डन विनोद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी वॉर्डन के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, देर रात जब टीम हॉस्टल



पहुंची तो आरोपी वहां से फरार हो गया था। शुक्रवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**एबीवीपी कार्यकर्ता पहुंचे कैंपस, किया हंगामा-** पुलिस के अनुसार, रतलाम से समर कैंप में हिस्सा लेने आई छात्रा ने अपने परिजनों को वॉर्डन की आपत्तिजनक हरकतों की जानकारी दी थी। इसके बाद परिचितों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कैंपस पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### छोटी बहन के साथ शामिल होने आई थी

- राजेंद्र नगर टीआई यशवंत बड़ोले के मुताबिक, पीड़िता छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ समर कैंप में शामिल होने आई थी। कैंप 3 मई से संचालित हो रहा है, जिसमें करीब 18 छात्राएं और 36 छात्र शामिल थे। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाए गए थे।
- पुलिस के अनुसार, 13 मई की शाम पानी खत्म होने पर छात्रा बोतल लेकर बॉयज हॉस्टल की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान वॉर्डन ने उसके साथ आपत्तिजनक हरकत की।

### अन्य छात्राओं ने भी की शिकायत

- अगले दिन हॉस्टल की कुछ अन्य छात्राओं ने भी बातचीत के दौरान वॉर्डन की शिकायत की। इसके बाद छात्रा ने मोबाइल पर अपनी मां को घटनाक्रम की जानकारी दी। मां की सूचना पर पुलिस कैंपस पहुंची और कार्रवाई शुरू की।
- पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही स्कूल और समर कैंप प्रबंधन से जानकारी मांगी गई है। पुलिस अन्य छात्राओं से भी बातचीत कर मामले की जांच कर रही है।

## खबर एक नजर...

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी में श्रमदान किया गया

**उज्जैन,।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घटिया जिला उज्जैन के घटिया सेक्टर के ग्राम रलायता हेवत में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत प्राचीन बावड़ी में प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रमदान किया गया। इसके पश्चात ग्राम बैठक को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक श्री जय दीक्षित ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण अति आवश्यक हो गया है क्योंकि भू जल तेजी से नीचे की ओर जा रहा है। हम जमीन से जितना पानी निकाल रहे है उतना वापस जमीन में नहीं डाल रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप जल संकट की भयावह स्थिति उत्पन्न हो रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान एक ऐसा अभियान है जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक मोहन सिंह परिहार, परामर्शदाता अजय मालवीय, एमएसडब्ल्यू छात्र श्री गणेश मालवीय, बीएसडब्ल्यू छात्र हितेश मालवीय एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### सीईओ जिला पंचायत द्वारा छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई

**उज्जैन।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कूमट द्वारा जिला पंचायत सभागृह में छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिमजाति कल्याण विभाग के मध्य समन्वय की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर लंबित समस्याओं का निराकरण करें तथा विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सीईओ श्री कूमट ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को भी आदिमजाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी समीक्षा बैठक 15 दिवस पश्चात आयोजित की जाएगी तथा तब तक किसी भी प्रकार की पेंडिंसी शेष नहीं रहनी चाहिए।

### ऑन जॉब ट्रेनिंग से निखर रहा आईटी विद्यार्थियों का कौशल, मिल रहा व्यावहारिक अनुभव

# उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के छात्रों ने श्री सांई कंप्यूटर सेंटर पर सीखी तकनीकी बारीकियां





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए श्री सांई कंप्यूटर सेंटर, डिवाइन वैली ऋषिनगर में ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव देकर उन्हें तकनीकी व रोजगारपरक कौशल में सशक्त बनाना है।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर संचालन, डाटा एंट्री, डिजिटल कार्यप्रणाली, दस्तावेज प्रबंधन, ऑनलाइन सेवाओं, सॉफ्टवेयर डिजाइन और तकनीकी कार्यों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। इससे छात्र न सिर्फ कार्यस्थल की कार्यप्रणाली को करीब से समझ रहे हैं, बल्कि अपने ज्ञान का व्यावहारिक रूप से उपयोग करना भी सीख रहे हैं।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। यह ट्रेनिंग छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और कार्यकुशलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्राचार्या के अनुसार, ऐसे कार्यक्रम छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करने के साथ ही उनमें व्यावसायिक दक्षता व जिम्मेदारी की भावना भी जगाते हैं।

आईटी ट्रेनर संदीप मोरी और ट्रेनर विनय कुमार रेकवार के मार्गदर्शन में विद्यार्थी पूरे उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि इस ट्रेनिंग से उन्हें वास्तविक कार्य वातावरण को समझने और तकनीकी ज्ञान को बेहतर ढंग से सीखने का बेहतरीन अवसर मिला है।

# जिले में अनुसूचित जनजाति युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं संचालित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026-27 में उज्जैन जिले अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवकों एवं व्यक्तियों को सफल उद्यमी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्वरोजगार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र युवक-व्यक्तियों को बैंकों के जरिए स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आवेदक का उज्जैन जिले (म.प्र.) का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए तथा आवेदक की आयु आवेदन दिनांक को 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था अथवा सहकारी बैंक का चूककर्ता (डिफॉल्टर) नहीं होना चाहिए। किसी शासकीय योजना अंतर्गत पूर्व से सहायता प्राप्त व्यक्ति इस योजना के लिए पात्र नहीं होगा। योजना के अंतर्गत उद्योग (विनिर्माण मैन्युफैक्चरिंग) इकाई के लिए १ लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक तथा सेवा (सर्विस) इकाई एवं खुदरा व्यवसाय (रिटेल ट्रेड) के लिए 1 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

### नीट परीक्षा रद्द होने से 500 करोड़ का नुकसान

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के विरोध में शहर कांग्रेस आज निकालेगी मशाल जुलूस

### 3 मई को हुई परीक्षा में शामिल हुए थे 23 लाख छात्र, एनटीए के फैसले से छात्रों को 100 करोड़ की चपत; शाम 6:30 बजे टावर चौक से शुरू होगा प्रदर्शन



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 3 मई को आयोजित हुई नीट परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गई है। इस फैसले से परीक्षा में शामिल करीब 23 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। परीक्षा निरस्त होने और छात्रों के भविष्य के साथ हुए इस खिलवाड़ के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी आज भव्य मशाल जुलूस निकालेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह विरोध प्रदर्शन शाम 6:30 बजे स्थानीय टावर चौक से शुरू होगा।

नीट परीक्षा रद्द होने से व्यवस्था को करीब 500 करोड़ रुपये की चोट पहुंची है। वहीं छात्रों को सीधे तौर पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ है। रद्द की गई यह परीक्षा अब नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी तारीख बाद में घोषित होगी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि भाजपा की इस भ्रष्ट सरकार ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि वह देश के युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। देश में लगातार कई बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। छात्र सालों तक कड़ी मेहनत कर तैयारी करते हैं, लेकिन ऐन वक्त पर पेपर लीक होने और परीक्षा निरस्त होने से छात्रों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होते हैं।

इस तरह की घटनाओं से छात्रों को भारी मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है और सरकारी सिस्टम पर से युवाओं का भरोसा पूरी तरह उठ चुका है। छात्रों पर पहले ही करोड़ों रुपये का आर्थिक बोझ पड़ा है और अब उन्हें फिर से भारी खर्च उठाना पड़ेगा।

भाजपा सरकार की इस कार्यप्रणाली के विरोध में आयोजित इस मशाल जुलूस को लेकर कांग्रेस ने पूरी तैयारी कर ली है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पीड़ित छात्र-छात्राओं और युवाओं से भाग लेने की अपील की है ताकि सरकार तक उनकी आवाज मजबूती से पहुंचाई जा सके।

# जब्त ठेले लौटाने मंत्री विजयवर्गीय ने निगमायुक्त को लिखा पत्र, निगम कर्मियों पर मारपीट के आरोप

### हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने इंदौर जाकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन, हॉकर जोन बनाने और पुलिस जांच पर उठाए सवाल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पथ विक्रेता महिलाओं के साथ कथित मारपीट और ठेले जब्त किए जाने के मामले में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संज्ञान लिया है। शुक्रवार को इंदौर में हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के निवास पर मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल की शिकायत पर मंत्री विजयवर्गीय के कार्यालय से उज्जैन नगर निगम आयुक्त को पत्र जारी कर संजय चौहान के आवेदन पर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मुलाकात के दौरान संघ ने शहर में पथ विक्रेताओं के लिए स्थायी हॉकर जोन बनाने की भी प्रमुखता से मांग की है।




संघ द्वारा मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में नगर निगम के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार 6 फरवरी को जब पथ विक्रेता झोन क्रमांक 2 फायर ब्रिगेड पर अपना जब्त सामान छुड़ाने गए थे तब निगम कर्मी मोनू थनवार मनीष बाली और आनंद भेरवे सहित अन्य कर्मचारियों ने महिलाओं के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की और पुरुषों के साथ मारपीट की। आरोप है कि पथ विक्रेताओं के 11 ठेले अवैध रूप से जब्त किए गए हैं जबकि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के प्रावधानों के अनुसार प्रमाणित विक्रेताओं का सामान इस तरह जब्त नहीं किया जा सकता।

व्यापारी संघ का आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य सौंपने के बावजूद कोतवाली थाना पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। ज्ञापन में बताया गया है कि पुलिस ने उल्टा संजय चौहान कालूराम चौहान और अर्जुन कहार के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कर लिया है। संघ का यह भी आरोप है कि थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है और पीड़ित महिलाओं को थाने बुलाकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें बंद करने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने वर्तमान थाना प्रभारी को हटाकर किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

मंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में संजय चौहान, कालूराम चौहान, विजय जोशी, रामकुमार सोनी, अर्जुन कहार, विजय जैन, पवन जैन, बाबूलाल यादव, राहुल चौरसिया, रविंद्र कार्तिक, सुमित्रा सिंह चौहान, माया जाट, मंजू चौहान, प्रेम बाई कहार, राम कुंवर कहार, राधा बैरागी, विमल बैरागी, माधुरी बैरागी, शारदा बाई कहार, ममता चौहान, पूजा ठाकुर, पूजा बैरागी, लक्ष्मी चौहान, किरण मेहरा और मधु पांचाल शामिल थे। संघ के पदाधिकारी शनिवार को नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर मंत्री का पत्र सौंपेंगे और अपनी मांगों के निराकरण के लिए चर्चा करेंगे।

## खबर एक नजर...

### खेलो इंडिया की तैयारियों को लेकर जंप रोप खिलाड़ियों ने की खेल मंत्री से मुलाकात

**उज्जैन।** आगामी 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम की तैयारियों और विभिन्न खेल योजनाओं को लेकर मध्य प्रदेश के जंप रोप खिलाड़ियों ने भोपाल में खेल मंत्री विश्वास सारंग से उनके निजी आवास पर विशेष मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों के विकास, उन्हें नए अवसर प्रदान करने और खेलों को नई दिशा देने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। यह महत्वपूर्ण बैठक मध्य प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हिंदुस्तान समाचार के डायरेक्टर कमलकांत वशिष्ठ, मध्य प्रदेश सीईओ अबरार अहमद शेख और सचिव मुकुंद झाला के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। बैठक में खेल गतिविधियों के विस्तार और नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रेरणादायक साबित हुई। मुलाकात के दौरान खेल विभाग के कई उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने जंप रोप खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया। इस शानदार प्रदर्शन में कुमारी दिव्या चौहान, कुमारी देशना जैन, कुमारी वेदांशी परमार के साथ ही बालकों में अंतरराष्ट्रीय और वर्ल्ड प्लेयर हर्ष कुमावत, अबू हमजा और अंश जोशी शामिल रहे। खेल मंत्री ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नागझिरी के 25 परिवार जलसंकट से परेशान, घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

**उज्जैन।** गर्मी बढ़ने के साथ शहर में जल संकट गहराने लगा है। नागझिरी क्षेत्र के न्यू इंदिरानगर कॉम्प्लेक्स वाली गली में करीब 25 परिवार पिछले कई दिनों से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। रहवासियों का आरोप है कि शिकायतों के बाद पीएचई अधिकारियों ने 8 दिन में नए कनेक्शन और समस्या समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन 16 दिन से ज्यादा समय गुजरने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। इससे नाराज महिलाएँ गुरुवार सुबह पीएचई की पानी की टंकी स्थित ऑफिस पहुँचीं और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी सिर्फ आश्वासन मिला और काम शुरू नहीं हुआ तो वे सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर शिकायत करेंगी। फि लहाल पीएचई अधिकारियों ने फिर से 8 दिन में नए कनेक्शन का काम शुरू करने का भरोसा दिया है। रहवासियों के मुताबिक क्षेत्र में पूरे साल साफ पानी की समस्या बनी रहती है, लेकिन गर्मी में हालात और बिगड़ जाते हैं। वर्तमान में कई घरों के नलों में पानी आना पूरी तरह बंद हो चुका है। मजबूरी में महिलाएँ कम्युनिटी हॉल के सामने लगे हैंडपंप से पानी भरकर ला रही हैं, जबकि कई परिवार पीने के पानी के लिए पैसे खर्च कर पानी खरीदने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कम्युनिटी हॉल में इन दिनों शादियाँ होने के कारण वहाँ से पानी भरना भी मुश्किल हो रहा है। रहवासियों के अनुसार उनके घरों में सालों पहले नल कनेक्शन दिए थे, लेकिन जल प्रदाय के समय पर्याप्त प्रेशर नहीं बन पाता। क्षेत्र ऊँचाई पर होने से पानी टंकी से घूमकर आता है और मौजूदा कनेक्शन छोटी पाइपलाइन से जुड़ा होने के कारण सप्लाई बाधित रहती है।

# ई -रिक्शा की सुविधा अब मर्ज में बदली, जाम के हाल

### बगैर लायसेंस और पुलिस वेरिफिकेशन के चल रहा काम,कई नाबालिगों के हाथ कमान

### आमजन पुराने शहर में जाम की परेशानी का कारण यही बता रही



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पर्यावरण एवं प्रदुषण मुक्ति की सुविधा लेने के लिए ई-रिक्शा को बढावा दिया गया था। इसके लिए नियम शिथिल किए गए। अब यह सुविधा यातायात व्यवस्था में मर्ज के रूप में तब्दील हो चुकी है। खास तो यह है कि ज्यों-ज्यों मर्ज का ईलाज करने की कोशिश की गई त्यों झल्यों उसमें बढोतरी दर्ज की गई है।

उज्जैन के यातायात के बाडे में ई रिक्शा की अपनी धमाल चल रही है। ई-वाहनों के उपयोग को दी जा रही प्राथमिकता के चलते अब यह परेशानी की स्थिति पैदा करने के हालात बना रही है। आमजन पुराने शहर में जाम की परेशानी का कारण ई-रिक्शा एवं आटो चालकों की मनमानी को बता रहे हैं। इनकी मनमानी पर रोक लगाने में यातायात पुलिस भी बेबश हो चुकी है।

स्थिति यह है कि शहर में व्यवस्थित यातायात के लिए योजनाबद्ध तरीके से एक समय में शहर में पंजीयन के 3 हजार के लगभग ई-रिक्शा थे उस दौरान इसमें कलर कोडिंग करते हुए आधे दिन एवं आधे रात में चलवाने की योजना बनी थी। उसके बाद शहर में क्षेत्रवार चलाने की योजना बनी,लेकिन सभी योजनाएं धरातल पर आने से पहले ही ध्वस्त हो गई। यूं कहा जाए कि सुविधा लेने गए थे और बेइलाज मर्ज मिल गया तो बेहतर होगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ धार्मिक शहर में ही इससे यह स्थिति बनी हुई है। समतल क्षेत्रों के देश के अधिकांश शहरों में इसकी संख्या से यही हालात बने हुए हैं। ई-रिक्शा सस्ता एवं सुलभ वाहन है। इसे लेकर कई बेरोजगारों ने अपने रोजगार की शुरूआत कर दी है। महिला एवं पुरूषों के साथ इसे नाबालिग भी चला रहे हैं। इसे अब आय के साधन के रूप में देखा जा रहा है। धार्मिक शहर होने के कारण अब उज्जैन मे वर्तमान में करीब 12-15 हजार ई-रिक्शा संचालन की जानकारी सामने आ रही है।

### पूरी यातायात व्यवस्था ध्वस्त

ई-रिक्शा की बढती संख्या एवं उससे पुराने शहर की यातायात व्यवस्था के भंग होने की स्थिति से रहवासी एवं व्यवसायी परेशान हो चले हैं। बेलगाम होती व्यवस्था को लेकर अब विवाद के हालात बनने लगे हैं। आए दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। पुराने शहर में आए दिन जाम के हालात बने रहते हैं जिसके पीछे आम रहवासी ई-रिक्शा को ही कारण बता रहे हैं। इन पर नियंत्रण की स्थिति को लेकर भी परेशानी है।

### ये हैं जाम वाले प्रमुख क्षेत्र

ई-रिक्शा का दबाव प्रमुख रूप से शहर के देवास गेट, रेलवे स्टेशन, माल गोदाम, गधा पुलिया, जयसिंहपुरा, महाकाल लोक, चार धाम मंदिर, हरसिद्धि मंदिर, राम मंदिर, नरसिंह घाट मार्ग, पटनी बाजार, गुदरी,लोहे का पुल, बेगम बाग, गोपाल मंदिर, सांदीपनि आश्रम, काल भैरव मंदिर, सिद्धवट, हरि फाटक ओवर ब्रिज, नानाखेड़ा, अंकपात, आगर नाका, कोयला फाटक, व्यायामशाला की गली, बोहरा बाखल, एटलस चौराहा, मालीपुरा और दौलतगंज सहित आसपास के मार्गों को ई-रिक्शा चालकों ने जाम की स्थिति में तब्दील कर दिया है।

### दुर्लभ महासंयोग के साथ आज मनेगी शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती

# साढ़ेसाती व ढैय्या से मुक्ति और पितृ तर्पण के लिए सर्वोपरि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अत्यंत दुर्लभ संयोग के साथ शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती आज शनिवार 16 मई 2026 को मनाई जाएगी। उदया तिथि के अनुसार स्नान, दान और पूजा 16 मई को ही संपन्न होगी। धार्मिक दृष्टि से यह दिन तंत्र-मंत्र की साधना, पितृ तर्पण और विशेष रूप से शनि देव की शांति के लिए सर्वोपरि माना गया है।

श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि इस बार शनिश्चरी अमावस्या पर दुर्लभ महासंयोग बन रहा है। इस दिन ज्येष्ठ अमावस्या, शनि जयंती, सौभाग्य योग और ज्येष्ठ माह में पांच शनिवार के साथ-साथ शनिवार को शनि जयंती का विशेष संगम है। यह महासंयोग शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या से मुक्ति पाने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

### इन राशियों पर है साढ़े साती और ढैय्या का प्रभाव

ज्योतिष शास्त्र में शनिदेव के गोचर यानी राशि परिवर्तन से जातक के जीवन में मानसिक, शारीरिक और आर्थिक बदलाव आते हैं। साल 2026 में मीन राशि में शनि के गोचर के कारण मकर, कुंभ और मीन राशि पर साढ़े साती का प्रभाव है। वहीं सिंह और धनु राशि पर ढैय्या चल रही है। इसके साथ ही कन्या और वृषभ राशि भी शनि की दृष्टि के कारण रोग और तकलीफ से प्रभावित हैं।

### पितृ दोष से मिलेगी मुक्ति

ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार यह दिन पितृ तर्पण के लिए भी अत्यंत शुभ है। श्रद्धालु सुबह तीर्थ स्नान के बाद सूर्य और पीपल वृक्ष पर जल अर्पित करेंगे। काले तिल और जल से तर्पण करने तथा दान-पुण्य करने से शनि दोष व पितृ दोष से मुक्ति मिलने का संयोग है।

### शनि कृपा के लिए विशेष उपाय और वास्तु महत्व

शनि दोष की शांति के लिए छाया दान का विशेष महत्व है। इसके तहत स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना चेहरा देखकर शनि मंदिर में दान करना चाहिए। पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं और ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप करें। इसके अलावा काले तिल, काले कपड़े, उड़द की दाल और लोहे की वस्तुओं का दान अत्यंत लाभकारी है।वास्तुशास्त्र के अनुसार शनि ग्रह कर्म, अनुशासन, धैर्य और विलंब का अधिपति है और इसकी दिशा पश्चिम है। घर या कार्यस्थल में पश्चिम दिशा को स्थिरता, जिम्मेदारी और परिणाम से जोड़ा जाता है। इस पावन अवसर पर हनुमान जी की आराधना और गरीबों की सेवा करने से भी विशेष लाभ प्राप्त होता है।

### ई-वाहनों से निरीक्षण कर महापौर और निगम आयुक्त ने दिया ईंधन बचत का संदेश

**उज्जैन।** पेट्रोल-डीजल के मितव्ययी उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवाहन पर उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा शुक्रवार को विशेष पहल की गई। इस दौरान महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करते हुए निरीक्षण कर आमजन को सकारात्मक संदेश दिया। महापौर मुकेश टटवाल ई-रिक्शा में सवार होकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से सुना तथा वायरलेस सेट के माध्यम से कंट्रोल रूम पर संबंधित शिकायतें दर्ज करवाकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।


# 'हम हिन्दुस्तानी' समूह ने जैन और रवि सोलंकी का किया अभिनंदन

### मुख्यमंत्री का जताया आभार, भोजशाला पर फैसला सनातन के पक्ष में आने पर बांटी मिठाइयां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रवादी विचारों के समूह 'हम हिन्दुस्तानी' ने मध्य प्रदेश राज्य हाउसिंग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जी जैन और उज्जैन विकास प्राधिकरण के चेयरमैन रवि सोलंकी का अभिनंदन किया। अपना स्वीट्स पर आयोजित इस समारोह में दोनों अतिथियों ने प्रदेश और शहर के विकास को गति प्रदान करने का अपना संकल्प दोहराया।

संस्था के सदस्यों ने दोनों नेताओं को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने बाबा महाकाल से दोनों अतिथियों के यशस्वी कार्यकाल की प्रार्थना की। इस दौरान धार की भोजशाला वाग्देवी मंदिर का फैसला सनातन के पक्ष में आने पर उपस्थित जनों ने मिठाइयां बांटकर हर्ष भी व्यक्त किया।



समारोह में संजय ज्ञानी और संजय शर्मा ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। इस अवसर पर शिक्षा जगत के विद्वान प्रोफेसर संजय वर्मा, योगेश कुलमी, राजेश पंड्या और पंकज चांदोरकर सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशील खण्डेलवाल और डॉ. राहुल नागर ने किया। अंत में लोकेन्द्र शास्त्री और अनिल वैष्णव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महाप्रभु जी की 63वीं बैठक में 17 मई से होंगे 30 दिवसीय विशेष मनोरथ

### पुष्टिमार्ग के आचार्यों की आज्ञा से तय हुए कार्यक्रम, प्रतिदिन प्रातः एवं संध्या में होंगे विविध आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाप्रभुजी की 63वीं बैठक में 17 मई से 15 जून तक 30 दिवसीय विशेष मनोरथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी एवं बैठक के ट्रस्टी विठ्ठल नागर ने बताया कि ये सभी मनोरथ पुष्टिमार्ग गो. सि. 108 श्री राकेशजी इन्द्रदमन महाराज, श्री पुष्टिमार्ग गोस्वामी 105 श्री विशाल बाबा एवं पुष्टिमार्ग 105 चि. श्री लाल गोविंदजी बाबा साहब की आज्ञा अनुसार तय किए गए हैं। इन आयोजनों की अधिकृत सूची बैठक के ट्रस्टी द्वारा प्रकाशन हेतु जारी कर दी गई है। कार्यक्रम के तहत लगातार 30 दिनों तक प्रतिदिन प्रातः एवं संध्या के समय भगवान के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन और मनोरथ संपन्न होंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार 17 मई रविवार को प्रातः नंद महोत्सव व संध्या में फूल बंगला मनोरथ होगा। इसी प्रकार 18 मई को प्रातः नौका विहार व संध्या में मोती बंगला, 19 मई को प्रातः पलना व संध्या में गणगौर सवारी, 20 मई को प्रातः पलना व संध्या में मचली हिंडोला, 21 मई को प्रातः खस बंगला व संध्या में मोती महल, 22 मई को प्रातः पनघट लीला व संध्या में फूल बंगला, 23 मई को प्रातः गिरिकंदरा दर्शन व संध्या में चवरी मनोरथ और 24 मई को प्रातः नौका विहार व संध्या में पधरावनी होगी।

आगे के क्रम में 25 मई को प्रातः माखन चोरी व संध्या में फूल बंगला, 26 मई को प्रातः कुंज एकादशी व संध्या में फूल श्रृंगार, 27 मई को प्रातः बगीचा मनोरथ व संध्या में पधरावनी, 28 मई को प्रातः फूल बंगला व संध्या में पधरावनी, 29 मई को प्रातः नौका विहार व संध्या में फूल श्रृंगार, 30 मई को प्रातः फूलडोल व संध्या में पधरावनी और 31 मई को प्रातः नंद महोत्सव व संध्या में पधरावनी होगी।

जून माह में 1 जून को प्रातः फूलफाग गुलालक्रीड़ा व संध्या में सावन भादवा मनोरथ, 2 जून को प्रातः खस बंगला व संध्या में फूल मण्डली, 3 जून को प्रातः मोती बंगला व संध्या में यमुना पुलिन पर हिंडोला, 4 जून को प्रातः मोती बंगला व संध्या में फूल मण्डली, 5 जून को प्रातः फूल बंगला व संध्या में यमुनाजी पर चुनरी मनोरथ, 6 जून को प्रातः मोती महल व संध्या में यमुना कुंज पर हिंडोला, 7 जून को प्रातः गौचारण व संध्या में पधरावनी होगी।

आयोजन के अंतिम सप्ताह में 8 जून को प्रातः चीरहरण व संध्या में फूल बंगला, 9 जून को प्रातः फूल का पालना व संध्या में नौका विहार, 10 जून को प्रातः केशरिया व संध्या में सांझी मनोरथ, 11 जून को प्रातः फूल बंगला व संध्या में पधरावनी, 12 जून को प्रातः पलना व संध्या में गिरिकंदरा बगीचा, 13 जून को प्रातः मोती बंगला व संध्या में पधरावनी, 14 जून को प्रातः छाक लीला व संध्या में महारास गरबा तथा 15 जून सोमवार को प्रातः आम मनोरथ एवं संध्या में पधरावनी के साथ इन विशेष मनोरथों का समापन होगा।

## खबर एक नजर...

### 10 दिवसीय कृषि रथ का संचालन आज से 25 मई तक

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों तक कृषि एवं संबंधित विभाग पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, एवं कृषि वैज्ञानिको के माध्यम से नई तकनीकी जानकारी और शासकीय योजनाओं को सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में आज 16 मई 2026 से 10 दिवसों तक कृषि रथ चलाया जाएगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक आरएल जामरे ने बताया कि कृषि रथ जिले के प्रत्येक विकासखंड की ग्राम पंचायतों में जाएगा। इसके माध्यम से खरीफ फसलों की बुवाई से पहले किसानों को उपयोगी जानकारी दी जाएगी। किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरक का संतुलित उपयोग, कीट-रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन, खेती को लाभकारी बनाने के उपाय तथा विभिन्न शासकीय कृषि योजनाओं, साथ ही ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा उर्वरकों का अनुशंसा अनुसार उपयोग की जानकारी भी दी जाएगी। कृषि रथ का शुभारंभ जिले के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। रथ के साथ कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें नवीनतम एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान करेंगे।

### एक साल से फरार निगरानी बदमाश गिरफ्तार, रात में पुलिस ने की घेराबंदी

**शाजापुर।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत मोहन बड़ोदिया पुलिस ने पिछले एक साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी शाजापुर कोतवाली क्षेत्र का निगरानी बदमाश भी है। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशों पर काम करते हुए थाना प्रभारी एसआई अरविन्द सिंह तोमर को मुखबिर से आरोपी की सटीक लोकेशन मिली थी। पुलिस टीम ने दबिश देकर लोहरवास निवासी मोहन लाल पिता शंकर लाल गुर्जर को धर दबोचा।

### साहित्य परिषद पिपलिया मंडी के द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित की गई

**पिपलिया मंडी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद पिपलिया मंडी के तत्वाधान में काव्य गोष्ठी संपन्न की गई जिसमें श्यामलाल बोराना अंबालाल जी कारपेंटर राधेश्याम जी सैनी वासुदेव जी धनोतिया सुनील राठौर ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिनिधि रचना सुने श्याम लाल जी बोराणा ने डॉक्टर हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला और उसके महत्व को बताया अंबालाल कारपेंटर ने दस्त का धांश के ऊपर सुंदर कविता सुनाइए राधे श्याम से सैनी पर्यावरण के ऊपर अपनी कविता सुनाई और वन काटते वन के ऊपर अपनी पीड़ा व्यक्ति की पंकज जी शर्मा ने गौ सेवा के ऊपर अपनी कविता सुनाई वासुदेवजी धनोतिया ने गौ सेवा के महत्व बताया सुनील राठौर ने गौ माता के ऊपर गीत सुनाया।

---

### 3 फार्मासिस्ट दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड, 6 को नोटिस जारी

# कलेक्टर ने मेडिकल दुकानों की नियमित जांच और तस्करों पर नकेल कसने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र » मन्दसौर



जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम, नियंत्रण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी विनोद कुमार मीना, एएसपी, जिला अफीम अधिकारी, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिले में फार्मासिस्ट एवं केमिस्ट दुकानों की नियमित जांच करते हुए लगातार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं, जिसके तहत ६ दुकानों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा 3 दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि नारकोटिक्स के विरुद्ध कार्रवाई में आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सभी विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें तथा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करें। उन्होंने अंतरराज्यीय बसों में विशेष सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए, ताकि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। बैठक में शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। साथ ही विद्यार्थियों एवं आमजन को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाए।

### चौधरी अध्यक्ष, पारिख सचिव बनीं

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक ने आगामी सेवा सत्र 2026-27 के लिए नवीन टीम का गठन किया है। जिसमें अध्यक्ष सुमित्रा चौधरी, सचिव रीटा पारिख व कोषाध्यक्ष सोना काबरा को मनोनीत किया गया। क्लब अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि नई कार्यकारिणी में रेखा रातड़िया को प्रथम उपाध्यक्ष और मनीषा मण्डवारिया को द्वितीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### सुंदरसी में जनगणना कार्य का निरीक्षण, अधिकारियों ने परखी मैदानी हकीकत

**शाजापुर।** जिले में चल रहे जनगणना कार्य की वास्तविक स्थिति जानने के लिए अब वरिष्ठ अधिकारी सीधे फील्ड पर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल से आए संभाग प्रभारी राजेश मौर्य और जिला प्रभारी मिलिंद देशपांडे ने ग्राम सुंदरसी का दौरा किया और वहां चल रहे जनगणना कार्य का जायजा लिया। गांव के भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी जुटाने की प्रक्रिया को करीब से देखा। उन्होंने इस काम में लगे सुपरवाइजरों और प्रगणकों से चर्चा कर उनकी परेशानियां जानीं। मैदानी स्तर पर काम करते समय आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों ने मौके पर ही उनका समाधान भी किया। अधिकारियों ने अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए और तय समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत काम पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान पोलायकलां की जनगणना चार्ज अधिकारी अंकिता पाटकर, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी घनश्याम लोहार, तुषार शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य सुपरवाइजर और प्रगणक उपस्थित थे।

### समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**मन्दसौर।** आशा उषा आशा सुपरवाईजर महासंघ भारतीय मजदूर संघ जिला मंदसौर द्वारा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में मुख्य रूप से आशा कार्यकर्ताओं की उन तीन महत्वपूर्ण गतिविधियों के मानदेय को फिर से शुरू करने का आग्रह किया गया है जिन्हें बिना किसी ठोस कारण के बंद कर दिया गया है। इन गतिविधियों में त्रैमासिक गर्भावस्था पंजीकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और कृमिनाशक दिवस का मानदेय शामिल है। संघ ने मांग की है कि आशाओं के इस रुके हुए मानदेय को अविलंब पुनः चालू किया जाए। साथ ही श्री देवड़ा का ध्यानाकर्षण कराया गया है कि 6 सितम्ब 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं के मानदेय में प्रतिवर्ष एक हजार रुपये की वृद्धि करने की घोषणा की गई थी। जहां एक ओर आंगनवाड़ी कार्यकताओं के वेतन में पिछले दो वर्षों से वृद्धि हो रही है, वहीं आशा और आशा पर्यवेक्षकों को आज तक इस वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका है।

# अस्पताल की नब्ज टटोलने पहुंचीं सीएमएचओ

## व्यवस्थाओं का लिया जायजा, बीएमओ ने उठाया स्टाफ की कमी का मुद्दा

### सामने आई स्टाफ की कमी की टीस, जल्द निराकरण का मिला आश्वासन

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत परखने और मरीजों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार दोपहर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. कमला आर्य ने पोलायकलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। अचानक सीएमएचओ के अस्पताल पहुंचने से महकमे में हलचल मच गई। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना किया, बल्कि मरीजों से सीधा संवाद कर अस्पताल की सेवाओं का फीडबैक भी लिया।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. आर्य के साथ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भूदेव महेता, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) महेन्द्र परमार और संस्था प्रभारी डॉ. उमर फारूक शाह भी मौजूद रहे। अधिकारियों के दल ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, पैथोलॉजी लैब और वार्डों का सघन निरीक्षण किया। सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, मरीजों के पंजीयन की व्यवस्था और टीकाकरण की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया।

डॉ. आर्य ने वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य और मिल रहे इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि मरीजों के प्रति पूरी संवेदनशीलता और सेवाभाव के साथ कार्य किया जाए। साथ ही बीएमओ महेन्द्र परमार को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए। साथ ही, समय पर उपचार और टीकाकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान बीएमओ महेन्द्र परमार ने अस्पताल में स्टाफ के टोटे की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वीकृत पदों की तुलना में नर्सिंग स्टाफ की संख्या काफी कम है, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से देने में कठिनाई आ रही है। इस पर सीएमएचओ ने आश्वासन दिया कि स्टाफ की कमी के इस गंभीर मुद्दे को वरिष्ठ स्तर पर प्रमुखता से उठाया जाएगा और जल्द ही इसका निराकरण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के देवेन्द्र पालीवाल, गोविन्द कलमोदिया सहित अस्पताल का समस्त नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# कारण बताओ नोटिस से भड़के शिक्षक ने कार्यालय में किया हंगामा, एफआईआर दर्ज

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर

बोर्ड परीक्षाओं के अति-महत्वपूर्ण समय के बीच वरिष्ठ अधिकारियों से अभद्रता करना और शासकीय कार्य में बाधा डालना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। जनपद शिक्षा केंद्र में घुसकर बीआरसीसी व कर्मचारियों को धमकाने और दस्तावेज ले जाने के आरोप में पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में आपराधिक मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, शासकीय माध्यमिक विद्यालय लालाखेड़ी के उच्च श्रेणी शिक्षक लोकेन्द्र नागर 21 फरवरी को 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में अनुपस्थित थे। इस लापरवाही पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) योगेश भावसार ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आरोप है कि इस नोटिस से नाराज होकर शिक्षक लोकेन्द्र नागर 24 फरवरी की दोपहर करीब 1.30 बजे जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने बीआरसीसी व अन्य कर्मचारियों प्रमोद गुप्ता, गोवर्धनलाल सौराष्ट्रीय आदि के सामने गाली-गलौज की और अधिकारियों को देख लेने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी कार्यालय से कुछ जरूरी दस्तावेज भी अपने साथ ले गया, जिससे बोर्ड परीक्षा से जुड़ा कार्य प्रभावित हुआ।

घटना के बाद बीआरसीसी योगेश भावसार ने शाजापुर थाने में लिखित शिकायत की। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय से एफआईआर की अनुमति और सत्यापित पत्र मिलने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया। पुलिस ने आरोपी शिक्षक लोकेन्द्र नागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### अस्वच्छ परिस्थितियों में नमकीन निर्माण पर कार्रवाई

**नीमच, ।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर बी.एस. कलेश के निर्देशांनुसार, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुकड़ेश्वर एवं रामपुरा में खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मैसर्स श्री साई कृपा नमकीन, मनासा-रामपुरा रोड, कुकड़ेश्वर में अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में बिना वैध खाद्य पंजीयन के नमकीन का निर्माण, पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय करना पाया गया।

### ट्रक और कार की टक्कर में तीन लोग घायल

**शाजापुर।** ट्रक और कार की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लालघाटी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-52 पर भेरुडूंगरी के पास शुक्रवार दोपहर इंदौर निवासी एक दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ। सूत्रों के अनुसार आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक साइड बदली, जिससे पीछे से आ रही कार उससे टकरा गई। कार में इंदौर निवासी पंकज गुप्ता, उनकी पत्नी रेखा गुप्ता और उनके मित्र शैलेंद्र दीक्षित सवार थे। तीनों वृंदावन में एक रिश्तेदारी के शादी समारोह से लौटकर इंदौर जा रहे थे। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

# मानवता की मिसाल- एक दिन में देहदान व तीन नेत्रदान इससे रोशनी एवं जीवन मिलेगा


ब्रह्मास्त्र ›› जावरा



लायंस क्लब एवं संजीवनी फाऊंडेशन द्वारा नगर में एक देहदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई ।वहीं लायंस क्लब एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में लायंस क्लब की नेत्र संग्रहण केंद्र टीम के सहयोग से मानव सेवा का प्रेरणादाई कार्य करते हुए एक ही दिन में तीन नेत्रदान भी संपन्न करवाए गए ।

नगर में मानवता सामाजिक जागरूकता एवं परोपकार की उत्कृष्ट मिसाइल के रूप में देखा जा रहा है। लायंस क्लब ने नेत्रदानी लोकतंत्र सेनानी( मीसा बंधु )स्वर्गीय राजमल बरैया स्वर्गीय धूलचंद मादलीया एवं नेत्रदानी व देहदानी सुमन देवी धारीवाल शामिल रही ।लायंस क्लब ने इस वर्ष का १५ वाँ नेत्रदान कराया ।टीम ने देहदान की पूरी प्रक्रिया कर पार्थिव देह मेडिकल शिक्षा और शोध कार्यों के लिए सुपुर्द की ।क्लब पदाधिकारीयो ने बताया कि नेत्रदान से जरूरतमंदों को नई रोशनी मिलेगी जबकि देहदान चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उपयोगी सिद्ध होगी ।

लायंस क्लब एवं संजीवनी फाउंडेशन के अध्यक्ष ने बताया कि नेत्रदान और देहदान केवल दान नहीं बल्कि आने वाले पीडियो के लिए प्रेरणादाई है । शेखर नाहर ने कहा कि नेत्रदान मानवता के लिए सर्वोच्च दान है तथा समाज को ऐसे प्रेरणादाई कार्यों से आगे आकर जुड़ना चाहिए । इस अवसर पर देहदानी स्वर्गीय सुमन देवी धारीवाल एवं लोकतंत्र सेनानी नेत्र दानी स्वर्गीय राजमल बरैया को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ राजकीय सम्मान प्रदान किया गया। अंतिम यात्रा एवं सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में समाज जन परिवार संस्था पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।देहदान की प्रक्रिया में पार्थिव शरीर को रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाने हेतु रेड क्रॉस की एंबुलेंस उपलब्ध करवाने में अध्यक्ष वीरेंद्र सिसोदिया का विशेष सहयोग रहा।



## अंधेरे में डूबा बस स्टैंड, गांधी प्रतिमा के पास गंदगी व शराबियों का जमावड़ा

**सनावद।** नगर का सबसे व्यस्त और संवेदनशील क्षेत्र माना जाने वाला बस स्टैंड इन दिनों बदहाली और अव्यवस्थाओं का प्रतीक बनता जा रहा है। गांधी प्रतिमा के समीप लगा हाई मास्क कई दिनों से बंद पड़ा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक गहरी कुंभकर्णी नींद से बाहर नहीं निकल पाया। शाम ढलते ही पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है, जिससे यात्रियों, महिलाओं और छात्र-छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों और शराबियों ने गांधी प्रतिमा परिसर को अड्डे में तब्दील कर दिया है। देर शाम खुलेआम शराबखोरी, हुड़दंग और गंदगी फैलाने जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। हालत यह है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास ही नशे में धुत लोग सार्वजनिक स्थान को शौचालय की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू और अस्वच्छता फैल रही है।

# नपा अध्यक्ष की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

## 4 साल बाद दायर याचिका पर कोर्ट ने कहा देर कर दी

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा



नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा को इंदौर हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। भाजपा पार्षद रुक्मण राजेश धाकड़ ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ जो रिट पिटीशन लगा रखी थी। उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। याचिका में कहा गया था कि नगर पालिका अध्यक्ष का निर्वाचन राजपत्र में प्रकाशित नहीं हुआ है ।इसलिए वह अध्यक्ष पद पर कार्य नहीं कर सकती है। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए याचिका खारिज कर दी की याचिका करता ४ साल की के बाद देरी से आए। इस बीच अध्यक्ष ने कई प्रशासनिक एवं वित्तीय निर्णय लिए होंगे । हस्तक्षेप से प्रशासनिक और अराजकता पैदा होगी, उल्लेखनीय है कि उक्त भाजपा पार्षद धाकड़ ने हाई कोर्ट में अध्यक्ष के विरुद्ध जो याचिका दायर की थी उसमें कोर्ट ने नगरपालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार पर 20 मार्च को रोक लगा दी थी ।इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने भी हाई कोर्ट में अपना पक्ष रखा तो 10 अप्रैल को हाई कोर्ट ने वित्तीय अधिकार रोकने संबंधी आदेश निरस्त कर दिया था। अब इस प्रकरण की हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है।

## 12वीं के परिणामों में केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया

**बुरहानपुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 13 मई 2026 को घोषित कक्षा 12वीं के परिणामों में केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विज्ञान और वाणिज्य संकाय के कुल 32 में से 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। वाणिज्य संकाय के 13 में से 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की परंपरा को जारी रखा। पिछले चार वर्षों से केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के कॉमर्स संकाय का परीक्षा परिणाम भोपाल संभाग में सर्वश्रेष्ठ रहा है

## शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से करवाया गया अवगत

ब्रह्मास्त्र ›› खंड़वा

नीट एक्जाम पेपर लीक होने पर सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में छात्रों को पुनः परीक्षा के साथ विशेष सुविधा दिए जाने की मांग प्रधानमंत्री से करते हुए एक ज्ञापन कलेक्टर को सोपा गया। वहीं शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया गया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि पेपर लीक होने से २२ लाख छात्रों के नुकसान, मानसिक आघात तथा परीक्षा के प्रति अविश्वास को लेकर उनके हितों के समर्थन में उक्त ज्ञापन कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता को सोपते हुए मंच सदस्यों ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि इस कृत्य की सीबीआई जांच नहीं, न्यायिक जांच हो, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में साइबर एक्सपर्ट व फोरेंसिक टीम सहित हाई लेवल कमेंटी बनायी जायें। दोषियों को कठोर सजा हो ताकि घटना पुनः न हो। प्रिंटिंग प्रेस से लेकर कोचिंग माफिया तक, सभी को पब्लिक एग्जाम एक्ट के तहत जेल हो। छात्रों को राहत देते हुए दोबारा परीक्षा ३० दिन के अंदर आयोजित हो, फ्री ट्रैवल व रहने की व्यवस्था के साथ मानसिक कांउसलिंग के लिए जिला स्तर पर हेल्पडेस्क और ड्रॉपर्स को 1 अतिरिक्त अटेम्प्ट दिय जाए।

## कलेक्टर के तबादला आदेश के बाद तहसीलों में बड़ा फेरबदल

**देपालपुर।** इंदौर जिला कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा पिछले दिनों जारी किए गए तबादला आदेशों के बाद जिले की विभिन्न तहसीलों में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशों के तहत कई कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को एक तरफा कार्यमुक्त भी कर दिया गया, जिसके चलते विभिन्न तहसील कार्यालयों में नई पदस्थापनाओं और कार्य विभाजन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में देपालपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-३ रमेश मंगोलिया एवं राहुल राठौर का तबादला हातोद तहसील कार्यालय कर दिया गया है। वहीं डॉ. अंबेडकर नगर महू तहसील से सहायक ग्रेड-३ लोकेश लोवंशी और राजेन्द्र चौहान को देपालपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा हातोद तहसील कार्यालय से सहायक ग्रेड-३ जितेन्द्र बहरावत एवं मनीष गुर्जर का स्थानांतरण भी देपालपुर तहसील कार्यालय में किया गया है। तबादलों के बाद अब देपालपुर तहसील कार्यालय में कार्यों के नए सिरे से विभाजन की तैयारी शुरू हो गई है।

## वर्षगाँठ पर की देहदान की घोषणा

खण्डवा।लायन्स क्लब सनावद के अध्यक्ष लायन कमल पटेल व लायन रंजना पटेल सनावद ने मरणोपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा। जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि देहदान जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर कमल पटेल ने अपनी विवाह वर्षगाँठ पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें नर्मदा परिक्रमा वासी,सनावद के सभी मंदिरों के पुजारियों सेवाभावी गणमान्य जनों व लायन सदस्यों का सम्मान किया।

# हनुमान मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी को वारदात के 8 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

## लाखो रुपए के चांदी के आभूषण, मूर्तियां, सामान तथा नकदी बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा,

थाना मोघट रोड खंडवा पर फरियादी मनोज पिता मणीशंकर उपाध्याय निवासी एलआईजी, किशोर नगर खंडवा ने आकर मौखिक रिपोर्ट किया की मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर पर दिनांक 13 मई के 2 बजे से दिनांक 14 के 5.25 बजे के बीच कोई अज्ञात बदमाश मंदिर के गेट का ताला तोडकर अन्दर घुसकर चांदी के २ मुकुट, चांदी का पहाड, बाजू बंध, चांदी के छत्र 5, चांदी का गलास 1, शिवजी का मुकुट, माताजी का मुकुट, कान का श्रृगार, हनुमान जी की पीतल की मूर्ति, पीतल की घंटी 1, पीमल की लड्डू गोपाल की मूर्ति 2, गणेश जी की पीतल की मूर्ति 1, माताजी की मूर्ति पीतल 1, ताबे के लौटे 16, 1 छोटा दान पात्र, 2 बडे दान पात्र एवं एम्लीफायर आहुजा कंपनी का किमती 10 लाख रुपए का चुराकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मोघट रोड खंडवा पर अपराध क्रमांक 153/2026 धारा 331 (4), 305ए बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूध्द का कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कन्ट्रोल रूम को एफ.एस.एल. अधिकारी, फोटों ग्राफर, एवं डॉग स्काट को घटना स्थल पर भेजने के लिये बताया गया। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री महेन्द्र ताणेकरण एवं नगर पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री अभिनव कुमार बारंगे भी घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

खंडवा शहर में मंदिर मे हुई चोरी की पतारसी अविलम्ब के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक खंडवा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने के संबंध में घटना स्थल के आस-पास के लोगों से से पूछताछ की गई। फिंगर प्रिन्ट अधिकारी श्री गणेश पाटीदार द्वारा घटना स्थल पर मौजूद परिस्थिति जन्य एवं भौतिक साक्ष्य संकलित किये गये। घटना स्थल के आस-पास के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज चैक किये गये। घटना स्थल के आस-पास 1 व्यक्ति मोटर सायकल से आता दिखाई दिया। टीम द्वारा फुटेज पर दिखाई दे रहे व्यक्ति की तलाश एवं पतारसी हेतु मुखबीर तंत्र सक्रिय किये गये एवं सम्भावित स्थानों पर की। मुखबीर द्वारा सुचना मिली की विडीयों फुटेज पर दिखाई दे रहा व्यक्ति खानशाहवली खंडवा में रहता है।

## शनि जयंती और अमावस्या पर आज होगा भंडारा

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

शनि जयंती, शनि अमावस्या और शनिवार का दुर्लभ संयोग वर्षों बाद होने जा रहा है आज १६ मई शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ शनी जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में सुबह से ही विशेष पूजन, तेलाभिषेक और धार्मिक आयोजनों का दौर शुरू होगा। मंदिर समिति ने इस अवसर पर व्यापक तैयारियां की हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंदिर में स्थापित शनिदेव की प्रतिमा १०० वर्ष से अधिक प्राचीन है, जिसे चमत्कारी और मनोकामना पूर्ण करने वाला माना जाता है। मान्यता है कि शनि जयंती और अमावस्या पर विधि-विधान से पूजा करने पर शनि दोष, साढ़ेसाती, अढ़ैया और राहू-केतु के अशुभ प्रभावों से राहत मिलती है।

सुबह से होगा प्रतिमा पर तेल स्नान अभिषेक मंदिर के पंडित ज्योतिष आचार्य विशाल शर्मा ने बताया कि प्रातः ६ बजे से शाम ४ बजे तक श्रद्धालु अपने हाथों से शनिदेव का तेल स्नान अभिषेक कर सकेंगे। इस दौरान शनि देव और राहू-केतु के अखंड जाप भी किए जाएंगे। श्रद्धालु काला कपड़ा, काले तिल, उड़द, तेल, लोहा, कंबल, छाता, श्रीफल एवं अन्य सामग्री का दान कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। समाज समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पंडित विशाल शर्मा एवं परिवार द्वारा प्रातः काल भगवान का अभिषेक होगा, तत्पश्चात सुबह ६:०० बजे से प्राचीन शनिदेव की प्रतिमा का श्रद्धालु अपने हाथों से तेल स्नान अभिषेक करेगें, यह कार्यक्रम शाम ४:०० बजे तक आयोजित होगा दोपहर १२: बजे जन्मोत्सव आरती के प्रसाद के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा साथ ही शनि देव और राहु केतु के अखंड जाप भी होंगे, रात्रि ८:०० बजे महाआरती, प्रसादी वितरण किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के खाद्य तेल के कम उपयोग को लेकर कांग्रेसजनों ने किया प्रदर्शन

**पिपलीया मंडी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खाद्य तेल के कम उपयोग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा की अगुवाई में शुक्रवार को प्रातः १० बजे ज्योतिबाफुले चौराहे पर ₹ मोदी ब्रांड खाद्य तेल₹ के पाउच हाथ मे लेकर अनूठा प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश पोरवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने जनता को भरोसा दिलाया था कि खाऊंगा न खाने दूंगा,आज अपना वादा पूरा कर देशवासियों से तेल कम खाने की नसीहत दे डाली।क्या यही अच्छे दिनो की परिभाषा है।अपनी नाकामियों पर पर्दा डालकर देश को गुमराह करने में लगे है।मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि मोदी जी कहा सोना मत खरीदो,विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ,खाने का तेल कम करो यह उपदेश नही ये मोदी सरकार की नाकामी के सबूत है। 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है कि क्या खरीदे क्या नही।शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया(ईरान-अमेरिका)संकट के कारण उत्पन्न होरहे ऊर्जा और आर्थिक संकट के लिए पहले से तैयारी करने के बजाए प्रधानमंत्री जनता को तेल कम खाने की ओर कम पेट्रोल डीजल इस्तेमाल करने की सलाह दे रहे है।

# मौनी रॉय और सूरज नांबियार का तलाक





## शादी के 4 साल बाद अलग होने का फैसला बोले- आपसी सहमति से शादी खत्म की





एक्ट्रेस मौनी रॉय और बिजनेसमैन सूरज नांबियार ने अनबन की खबरों के बीच अब आधिकारिक तौर पर अपने तलाक की पुष्टि कर दी है। गुरुवार को मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट नोट जारी कर बताया कि वे अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। दोनों ने इस मुश्किल समय में प्राइवेसी की मांग की है और मीडिया में चल रही खबरों पर नाराजगी भी जताई है।

मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कमेंट्स सेक्शन को बंद कर दिया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम सभी से विनम्र निवेदन करते हैं कि हमें प्राइवेसी और गरिमा दें। मेरे या सूरज के बारे में कोई झूठी कहानियां न फैलाएं। उम्मीद है कि आप इस मुश्किल समय में हमें निजी समय देंगे।

बोले- आपसी सहमति से फैसला लिया अपने नोट में कपल ने बताया कि उन्होंने आपसी समझ और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा, मीडिया के कुछ हिस्सों द्वारा हमारी पर्सनल लाइफ में अनावश्यक दखल दिया जा रहा है। हमने आपसी सहमति से अपने रास्ते अलग करने का फैसला किया है और हम निजी तौर पर इस मामले को सुलझाने के लिए समय ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जो बातें फैलाई जा रही हैं, वे हकीकत से कोसों दूर हैं और वे भविष्य में भी अपनी दोस्ती को बनाए रखने की कोशिश करेंगे।


### अनफॉलो करने से शुरू हुई अनबन की चर्चा

तलाक की ये खबरें तब शुरू हुईं जब फैंस ने गौर किया कि मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। बात सिर्फ अनफॉलो करने तक ही सीमित नहीं रही, सूरज ने अपनी प्रोफाइल से शादी की कई पुरानी तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। हालांकि, मौनी की प्रोफाइल पर अब भी कुछ तस्वीरें मौजूद हैं।





# प्रोड्यूसर करण जौहर की चांद मेरा दिल का ट्रेलर रिलीज

## लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार एक साथ फिल्म में नजर आएंगे



डायरेक्टर और प्रोड्यूसर करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म चांद मेरा दिल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

दोनों कलाकार पहली बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी का किरदार निभा रही हैं, जबकि लक्ष्य आरव के रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। ट्रेलर की शुरूआत एक सॉरी से होती है, जहां आरव से ऐसी गलती हो जाती है जिसे चांदनी माफ नहीं कर पाती। इसके बाद आरव उसे दूसरा मौका देने के लिए बार-बार कोशिश करता है, लेकिन चांदनी अपने प्यार से ज्यादा अपनी इज्जत को चुनती है। कहानी दोस्ती, प्यार और हार्टब्रेक के इर्द-गिर्द घूमती है। दो इंजीनियरिंग छात्रों की यह लव स्टोरी धीरे-धीरे इमोशनल और दर्दभरी मोड़ ले लेती है। ट्रेलर में एक डायलॉग इज्जत प्यार से बड़ी होती है खास तौर पर दर्शकों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर भी अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# धुरंधर 2 की ओटीटी रिलीज डेट आउट

## 5 जून से जियो-हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी, भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड ब्रेकिंग परफॉरमेंस के बाद अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 5 जून से जियो-हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

फिल्म का डिजिटल प्रीमियर 4 जून को शाम 7 बजे रखा गया है। वर्ल्डवाइड 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर यह फ्रेंचाइजी भारत की सबसे सफल फिल्म सीरीज बन चुकी है।

सोशल मीडिया पर हुई स्ट्रीमिंग की घोषणा फिल्म की ओटीटी रिलीज की जानकारी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दी है। पोस्ट में लिखा गया, आंधी बनके जो आ रहा है उसे धुरंधर कहते हैं। देखिए धुरंधरः द रिवेंज, रॉ और अनदेखा। ग्रैंड डिजिटल प्रीमियर 4 जून शाम 7 बजे, स्ट्रीमिंग शुरू 5 जून से सिर्फ जियो-हॉटस्टार पर।

भारत की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर लगातार रिकॉर्ड बना रही है। फिल्म ने अब तक भारत में करीब 1144 करोड़ नेट कलेक्शन और दुनियाभर में लगभग 1795 करोड़ ग्रॉस कमाई कर ली है। फिल्म ने पेड प्रीव्यू से 75 करोड़ कमाकर नया रिकॉर्ड बनाया था और बाद में वर्ल्डवाइड कलेक्शन में बाहुबली 2ः द कंक्लूजन को भी पीछे छोड़ दिया। यह भारत में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। धुरंधर और धुरंधर 2 ने मिलकर दुनियाभर में 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली। इसके बाद यह 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म फ्रेंचाइजी बन गई है। जब किसी एक फिल्म की सफलता के बाद उसके एक से ज्यादा पार्ट बनाए जाते हैं तो वह एक फ्रेंचाइजी का रूप ले लेती है। फिल्म में लंबी स्टारकास्ट इस सीक्वल में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा फिल्म में संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, गौरव गेरा, राकेश बेदी और ब्रजेंद्र काला जैसे कलाकार नजर आएंगे। बता दें कि इस फ्रेंचाइजी के पहले हिस्से में अक्षय खन्ना ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

# तलविंदर ने पाकिस्तानी सिंगर के साथ मंच शेयर किया

## टोरंटो में कॉन्सर्ट में गले मिले, हसन रहीम ने कहा- भाई

भारतीय पंजाबी सिंगर तलविंदर हाल ही में टोरंटो में पाकिस्तानी सिंगर हसन रहीम के लाइव कॉन्सर्ट में शामिल हुए और उनके साथ मंच शेयर किया। दरअसल, मंगलवार को तलविंदर ने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। उन्होंने पोस्ट पर कैप्शन लिखा, 'टोरंटो में हसन रहीम के साथ विशेज पूरी हुईं।'

वीडियो में दोनों स्टेज पर एक साथ गाते, गले मिलते और डांस करते दिखे। हसन ने तलविंदर की इंस्टाग्राम पोस्ट पर 'भाई' लिखकर रिएक्ट किया।

इस पोस्ट के बाद कुछ यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी नाराजगी जाहिर की। कुछ ने लिखा कि हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच ऐसी मौजूदगी गलत थी।

एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, 'मैंने नहीं सोचा था भाई कि ये लोग हमारे देश की सेना का मजाक उड़ाने वालों के साथ स्टेज शो करेंगे।'

गौरतलब है कि पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में और तनाव बढ़ गया है। इसके बाद 'फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज' जैसे संगठन ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय को पत्र लिखकर पाकिस्तानी कलाकारों, गायकों और तकनीशियनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।



तलविंदर को गाने पल पल से मिली थी पहचान तलविंदर का असली नाम तलविंदर सिंह सिद्धू है। उन्हें उनके गाने पल पल से पहचान मिली। कुछ महीने पहले उनका नाम एक्ट्रेस दिशा पाटनी से जुड़ा। दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया था।

वहीं, तलविंदर ने दिशा के साथ कथित रिलेशनशिप को लेकर हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा था, हमारी मुलाकात शादी (नूपुर सेनन की शादी) से ठीक पहले हुई थी और अचानक मिली इतनी सारी चर्चा ने हमें हैरान कर दिया। हम न तो किसी प्रेशर में आना चाहते हैं और न ही अफवाहों पर ध्यान देना चाहते हैं। हम अभी खुद को समझने और एक-दूसरे को जानने की प्रोसेस में हैं। मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा कि अगर लोग अफवाहें फैलाने की कोशिश करेंगे तो मैं उन्हें अफवाह ही रहने दूंगा।

जब तलविंदर से पूछा गया था कि क्या वह प्यार और रिश्तों के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, मैं हर दिन प्यार में पड़ जाता हूं। मैं अभी भी प्यार में पड़ रहा हूं।

### आईपीएल में पंजाब के बाद अब चेन्नई की गाड़ी अटकी, गुजरात बन सकती है नंबर-1

# बाहर हो चुकी टीमें तय कर रहीं प्लेऑफ का समीकरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



आईपीएल 2026 उस मुकाम पर आ पहुंचा है जहां हर मुकाबले के बाद प्लेऑफ का समीकरण बदल जाता है। रेस से बाहर हो चुकी टीमें अब बेखौफ अंदाज में खेल रही हैं और इसका शिकार वो टीमें हो रही हैं जो अंतिम चार में पहुंचने की जद्दोजहद कर रही हैं।

गुरुवार को मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को हरा दिया तो शुक्रवार को इस सीजन की सबसे कमजोर टीम साबित हुई लखनऊ ने चेन्नई सुपर किंग्स को मात दे दी। पिछले चार में से तीन सीजन में प्लेऑफ वही टीमें खेल पाई हैं जिन्होंने लीग राउंड में 16 या इससे ज्यादा पॉइंट्स बनाए हैं। पिछली हार के बाद अब पंजाब और चेन्नई को अगर 16 पॉइंट्स के बैरियर को छूना है तो आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे।

आज गुजरात और कोलकाता का मैच है। गुजरात के पास टेबल टॉपर बनने और प्लेऑफ की गारंटी हासिल करने वाली पहली टीम बनने का मौका है। दूसरी ओर कोलकाता के पास जीत के अलावा कोई और रास्ता नहीं है।

**चेन्नई 3 मैच बाद हारी, छठे स्थान पर पहुंची–** चेन्नई को लगातार 3 मैच जीतने के बाद हार मिली। टीम के 12 मैचों में 6 जीत और 6 हार के साथ 12 पॉइंट्स हैं। लखनऊ ने चेन्नई को 7 विकेट से हराया। इससे टीम का रन रेट (+0.027) और खराब हो गया और टीम छठे स्थान पर खिसक गई। चेन्नई को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने दोनों मैचों में हैदराबाद और गुजरात को हराना होगा। दूसरी ओर लखनऊ 12 मैचों में 4 जीत और 8 हार के साथ 10वें स्थान पर है। टीम के अगले दो मैच राजस्थान और पंजाब से हैं।

**बेंगलुरु मजबूत स्थिति में पहुंची–** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस 16-16 पॉइंट्स के साथ टॉप-2 में हैं। गुजरात अगर आज कोलकाता को हराती है तो पहले स्थान पर पहुंच जाएगी। बेंगलुरु को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बचे दो मैचों में एक जीत चाहिए। टीम को पंजाब और हैदराबाद से खेलना है।

**हैदराबाद तीसरे स्थान पर कायम–** सनराइजर्स हैदराबाद 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम को अब चेन्नई और बेंगलुरु से खेलना है। प्लेऑफ लगभग तय करने के लिए उसे दोनों मैच जीतने होंगे।

**पंजाब को दोनों मैच जीतने ही होंगे–** 13 पॉइंट्स के साथ पंजाब चौथे स्थान पर है। टीम लगातार पांच मैच हार चुकी है। पंजाब को अब बेंगलुरु और लखनऊ के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए टीम को दोनों मैच जीतने होंगे।

**राजस्थान को एक स्थान का फायदा–** चेन्नई की हार से राजस्थान को एक स्थान का फायदा हुआ है। रॉयल्स 12 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम को अब दिल्ली, लखनऊ और मुंबई से मुकाबले खेलने हैं। टॉप-4 में पहुंचने के लिए राजस्थान को अपने तीनों मैच जीतने होंगे।

**कोलकाता और दिल्ली की उम्मीदें कमजोर–** कोलकाता नाइट राइडर्स 11 मैचों में 9 पॉइंट्स के साथ आठवें स्थान पर है। टीम अगर गुजरात से हारती है तो टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। दिल्ली कैपिटल्स की राह भी मुश्किल है। टीम के 12 मैचों में 10 पॉइंट्स हैं और नेट रनरेट (-0.993) सबसे खराब है। दिल्ली को अपने दोनों मुकाबले बड़े अंतर से जीतने होंगे। साथ ही बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। मुंबई 12 मैचों में 4 जीत और 8 हार के साथ 9वें स्थान पर है और टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। टीम के मैच कोलकाता और राजस्थान से होने हैं। मुंबई और लखनऊ पहले ही प्ले ऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है।

**सुदर्शन टॉप स्कोरर बनने से 7 रन दूर–** लखनऊ-चेन्नई मैच के बाद ऑरेंज कैप के टॉप-3 पोजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासन 508 रन के साथ टॉप पर बने हुए हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन 501 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। विराट कोहली 12 मैचों में 484 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। आज के मैच में 7 रन बनाते ही सुदर्शन टॉप पर आ जाएंगे।

**भुवनेश्वर 22 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्डर–** बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 12 मैचों में 22 विकेट हैं। गुजरात के कगिसो रबाडा 21 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई के अंशुल कम्बोज 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

# कम्बोज के दो ओवर में लगातार 4-4 सिक्स लगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल 2026 के 59वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने 188 रन का टारगेट 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच में अंशुल कम्बोज के दो अलग-अलग ओवरों में लगातार 4-4 सिक्स लगे। पहले मिचेल मार्श ने पावरप्ले में अंशुल के ओवर में 28 रन बटोरे, फिर निकोलस पूरन ने 17वें ओवर की चारों गेंदों पर सिक्स लगाकर मैच खत्म कर दिया। वहीं, तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने 3 विकेट लेने के बाद जेब से पर्ची निकालकर जश्न मनाया।

**अंशुल ने चेन्नई के लिए दूसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका–** तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज ने चेन्नई के लिए दूसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका। उन्होंने 2.4 ओवर में 63 रन दिए। आईपीएल में तीन या उससे कम ओवर फेंककर 60+ रन देने वाले वह दूसरे गेंदबाज बने। उनसे पहले खलील अहमद ने 2025 में सीएसके के खिलाफ 3 ओवर में 65 रन दिए थे। अंशुल की 16 में से 11 गेंदों पर चौका या छक्का लगा। यानी उनकी 68.75% गेंदें बाउंड्री के लिए गईं। आईपीएल इतिहास में कम से कम 2 ओवर के स्पेल में इससे खराब बाउंड्री प्रतिशत सिर्फ वॉशिंगटन सुंदर का रहा है, जिनकी 2024 में दिल्ली के खिलाफ 12 में से 10 गेंदों पर बाउंड्री लगी थी। अंशुल ने अपने स्पेल में 8 छक्के भी खाए, जो आईपीएल इतिहास में किसी गेंदबाज द्वारा एक पारी में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले 2023 में यश दयाल ने केकेआर के खिलाफ 8 छक्के दिए थे।












### रेलवे के प्रतीक चिन्ह में हुआ बदलाव

## लोगो में अब 17 की जगह होंगे 18 सितारे 1 जून से होगा लागू




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

भारतीय रेलवे ने अपने आधिकारिक प्रतीक चिन्ह (लोगो) में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए नया लोगो जारी किया है। अब रेलवे के लोगो में 17 के बजाय 18 सितारे नजर आएंगे। रेलवे बोर्ड ने 1 जून से भारतीय रेलवे के सभी उपक्रमों, स्टेशनों और कार्यालयों में इस नए लोगो को अपनाने के निर्देश जारी किए हैं। रेलवे के लोगो में मौजूद सितारे उसके विभिन्न क्षेत्रीय रेल का प्रतिनिधित्व करते हैं। हाल ही में भारतीय रेलवे ने दक्षिण तट रेलवे को 18वें क्षेत्रीय रेलवे के रूप में गठित किया है। नया जोन दक्षिण तट रेलवे का मुख्यालय विशाखापत्तनम में होगा। यह नया जोन 1 जून, 2026 से आधिकारिक रूप से कार्य करना शुरू कर देगा, जिसके साथ ही नया लोगो भी प्रभावी हो जाएगा।

**1 जून से बदल जाएगी पहचान-** रेलवे प्रशासन ने सभी मंडलों और जोन्स को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी स्टेशनों की बिल्डिंग्स, ट्रेनों के कोच, आधिकारिक दस्तावेजों और सोशल मीडिया हैंडल्स पर पुराने लोगो को हटाकर नया 18 सितारों वाला लोगो लगाया जाए। सभी रेलवे उपक्रमों (जैसे आईआरसीटीसी, आरवीएनएल आदि) को भी इस नए बदलाव को आत्मसात करने के लिए कहा गया है।

**रेलवे का ये है तर्क-** रेलवे के विस्तार और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। 18वें जोन के गठन से दक्षिण भारत के रेल नेटवर्क में सुधार और संचालन में और अधिक गति आने की उम्मीद है। 1 जून से भारतीय रेलवे की एक नई और अपडेटेड पहचान पूरे देश के सामने होगी।

### भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने देशभर के वित्तीय क्षेत्र में दिया बड़ा झटका

# 150 नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने देशभर के वित्तीय क्षेत्र में बड़ा झटका देते हुए एक साथ 150 नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद लाखों ग्राहकों के बीच चिंता और असमंजस की स्थिति बन गई है, खासकर उन लोगों में जिन्होंने इन कंपनियों में फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी कर रखी है या फिर उनसे लोन लिया हुआ है। आरबीआई की इस सख्त कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि अब ग्राहकों के पैसे और चल रहे लोन का क्या होगा।

आरबीआई की कार्रवाई में सबसे ज्यादा प्रभावित कंपनियां पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली की हैं। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल की 75 और नई दिल्ली की 67 एनबीएफसी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया है। इसके अलावा तेलंगाना, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु और कर्नाटक की कई कंपनियां भी इस कार्रवाई की चपेट में आई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट कर दिया है कि अब ये कंपनियां गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं के रूप में काम नहीं कर सकेंगी।

आरबीआई के अनुसार कई कंपनियों ने नियमों का पालन नहीं किया, कुछ कंपनियों ने एनबीएफसी कारोबार बंद कर दिया था, जबकि कुछ कानूनी रूप से समाप्त हो चुकी थीं। इसके साथ ही सात कंपनियों ने स्वेच्छा से अपना रजिस्ट्रेशन भी सरेंडर कर दिया है। केंद्रीय बैंक का कहना है कि वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था।

हालांकि इस कार्रवाई के बाद सबसे बड़ी चिंता उन लोगों की है जिन्होंने इन कंपनियों से लोन लिया हुआ है। वित्तीय विशेषज्ञों का साफ कहना है कि रजिस्ट्रेशन रद्द होने का मतलब यह नहीं है कि ग्राहकों का लोन माफ हो गया। यदि किसी व्यक्ति ने कार लोन, पर्सनल लोन, बिजनेस लोन या किसी अन्य प्रकार का कर्ज लिया है, तो उसकी ईएमआई पहले की तरह जारी रहेगी। संबंधित कंपनी या उसके द्वारा नियुक्त एजेंसी कानूनी रूप से बकाया राशि की वसूली कर सकती है।




- विशेषज्ञों के अनुसार ऐसी स्थिति में कई बार एनबीएफसी अपने पूरे लोन पोर्टफोलियो को किसी दूसरी बैंकिंग या वित्तीय संस्था को बेच देती है। इसका मतलब यह है कि भविष्य में ग्राहकों की ईएमआई किसी दूसरी कंपनी या बैंक के खाते में जा सकती है। आमतौर पर ऐसी स्थिति में ग्राहकों को नई कंपनी की ओर से आधिकारिक सूचना भेजी जाती है।
- आरबीआई की इस कार्रवाई के बीच विशेषज्ञों ने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि वे यह सोचकर ईएमआई देना बंद न करें कि कंपनी का लाइसेंस रद्द हो गया है। अगर ग्राहक भुगतान रोकता है, तो उसका सीधा असर उसके सिबिल स्कोर पर पड़ेगा। डिफॉल्ट की जानकारी क्रेडिट रिकॉर्ड में दर्ज होती रहेगी, जिससे भविष्य में लोन या क्रेडिट कार्ड लेना मुश्किल हो सकता है।
- सबसे ज्यादा चिंता उन जमाकर्ताओं की है जिन्होंने इन एनबीएफसी कंपनियों में एफडी कराई हुई है। वित्तीय जानकारों के अनुसार बैंकों की एफडी की तरह एनबीएफसी की एफडी पर डीआईसीजीसी यानी डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन का पांच लाख रुपये तक का बीमा कवर लागू नहीं होता। यही वजह है कि एनबीएफसी में निवेश हमेशा थोड़ा ज्यादा जोखिम वाला माना जाता है।

यदि किसी ऐसी एनबीएफसी का रजिस्ट्रेशन रद्द हो गया है जिसमें ग्राहकों ने एफडी कर रखी है, तो कंपनी अब नया पैसा नहीं ले सकती और पुरानी एफडी को रिन्यू भी नहीं कर सकती। ऐसे मामलों में कंपनी को अपनी संपत्तियां बेचकर जमाकर्ताओं का पैसा लौटाना पड़ता है। लेकिन यदि कंपनी दिवालिया हो जाती है, तो भुगतान प्रक्रिया लंबी और जटिल हो सकती है। सबसे पहले सुरक्षित लेनदारों को भुगतान किया जाता है और उसके बाद बाकी जमाकर्ताओं की बारी आती है। आरबीआई की कार्रवाई में जिन प्रमुख कंपनियों के नाम सामने आए हैं उनमें बसेरा निर्माण, एचबीसी फाइनेंस एंड लीजिंग, क्लासिक सिक्योरिटीज, इंड कॉर्प सिक्योरिटीज, एडवांटेज इक्वी फंड, अभिषेक कैपिटल सर्विसेज, एस्ट्यूट फाइनेंस और कल्लारक्कल फिनकॉर्प जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा दर्जनों निवेश, ट्रेडिंग, फाइनेंस और लीजिंग कंपनियों के रजिस्ट्रेशन भी रद्द किए गए हैं।

वित्तीय विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में आरबीआई लगातार एनबीएफसी सेक्टर पर निगरानी बढ़ा रहा है। केंद्रीय बैंक का फोकस अब केवल रजिस्ट्रेशन जारी करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि कंपनियां लगातार नियमों, गवर्नेंस स्टैंडर्ड और संचालन संबंधी शर्तों का पालन करें। आरबीआई का मानना है कि वित्तीय क्षेत्र में ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन जरूरी है।

इस कार्रवाई के बाद वित्तीय बाजार में भी हलचल देखी जा रही है। कई ग्राहक अब अपनी एफडी और निवेश को लेकर जानकारी जुटाने में लगे हैं। विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि जिन लोगों का पैसा प्रभावित कंपनियों में लगा है, वे घबराने के बजाय कंपनी की आधिकारिक स्थिति, परिसंपत्तियों और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी लें।

### टाटा ट्रस्ट्स बोर्ड की

## शनिवार को होने वाली बैठक स्थगित करने का निर्देश




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

महाराष्ट्र राज्य चैरिटी कमिश्नर ने शुक्रवार को टाटा ट्रस्ट्स को 16 मई को होने वाली न्यासी मंडल की प्रस्तावित बैठक को स्थगित करने का निर्देश दिया है। इसके लिए सर रतन टाटा ट्रस्ट की बोर्ड संरचना से संबंधित मानदंडों के कथित उल्लंघन की लंबित जांच का हवाला दिया गया।

चैरिटी कमिश्नर ने ट्रस्ट को यह भी निर्देश दिया कि जांच पूरी होने तक इस तरह की कोई बैठक आयोजित न की जाए। टाटा ट्रस्ट्स के न्यासी बोर्ड को दिए गए एक निर्देश में, महाराष्ट्र राज्य के चैरिटी कमिश्नर, मुंबई, अमोघ एस कलोटी ने कहा कि सर रतन टाटा ट्रस्ट के न्यासी बोर्ड की संरचना के संबंध में एक शिकायत के बाद निरीक्षक जांच का निर्देश पहले ही पारित किया जा चुका है और रिपोर्ट का इंतजार है। टाटा ट्रस्ट्स के उपाध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन ने भी चैरिटी कमिश्नर को एक ज्ञापन सौंपा। टाटा ट्रस्ट्स से इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस संबंध में द्वारा भेजे गए प्रश्न का कोई उत्तर नहीं मिला।

**हीरा कारोबार के बारे में ये बोले वाणिज्य मंत्री-** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि देश विश्वसनीयता, अनुपालन और उपभोक्ता विश्वास- तीन सी- को आगे बढ़ाने और तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक बाजार में किम्बर्ली प्रक्रिया (केपी) की प्रासंगिकता को मजबूत करने के लिए सभी प्रतिभागियों और हितधारकों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत, हीरा काटने और पॉलिश करने के विश्व के अग्रणी केंद्र के रूप में, यह सुनिश्चित करने में केपी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है कि प्राकृतिक हीरे विश्वास, जिम्मेदारी और साझा समृद्धि के प्रतीक बने रहें, गोयल ने भारत की अध्यक्षता में किम्बरली प्रक्रिया अंतरसत्रीय 2026 के समापन पर कहा।

### बाजारों में भारतीय समुद्री खाद्य उत्पादों का दबदबा, अब निर्यात के लिए रास्ता साफ

# यूरोप भी चखेगा भारत का स्वाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत अब यूरोपीय संघ के बाजारों में समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात जारी रख सकेगा। यूरोपीय संघ ने संशोधित मसौदा सूची में भारत को शामिल कर लिया है। यह सफलता भारत द्वारा उत्पादों को हानिकारक दवाओं से मुक्त रखने की गारंटी देने के बाद मिली है। यूरोपीय संघ भारतीय सीफूड के लिए तीसरा सबसे बड़ा बाजार है, जिसकी कुल निर्यात मूल्य में 18.94 फीसदी हिस्सेदारी है। आइए, विस्तार से समझते हैं...

भारत अब यूरोपीय संघ के देशों में अपने समुद्री उत्पादों का निर्यात बिना किसी बाधा के जारी रख सकेगा। यूरोपीय संघ ने अपनी नई और संशोधित मसौदा सूची में भारत का नाम शामिल कर लिया है, जिससे भारतीय व्यापारियों और मछुआरों के लिए विदेशी कमाई का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। पहले इस बात का डर था कि भारत को इस सूची से बाहर रखा जा सकता है, लेकिन अब सरकार के प्रयासों के बाद भारत ने



अपनी जगह पक्की कर ली है।

**यूरोपीय संघ की सूची में भारत का नाम शामिल होना क्यों जरूरी था-** यूरोपीय संघ दुनिया के उन बाजारों में से एक है जहां खाने-पीने की चीजों को लेकर बहुत सख्त नियम होते हैं। भारत पहले उन देशों की सूची में शामिल नहीं था जिन्हें सितंबर 2026 से पशु मूल के उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिलने वाली थी। यदि भारत इस सूची में नहीं आता, तो भारतीय मछली और अन्य समुद्री उत्पादों का यूरोप जाना बंद हो सकता था। लेकिन अब भारत ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि हमारे यहाँ से भेजे जाने वाले उत्पाद पूरी तरह सुरक्षित हैं और यूरोपीय संघ के सभी कड़े मानकों को पूरा करते हैं, जिसके बाद हमें यह हरी झंडी मिल गई है।

### भारत ने निर्यात को सुरक्षित बनाने के लिए कौन से बड़े कदम उठाए?

भारत को इस सूची में शामिल करने के पीछे सबसे बड़ी वजह स्वास्थ्य सुरक्षा है। असल में, यूरोपीय संघ इस बात को लेकर बहुत गंभीर है कि जानवरों या मछलियों के पालन में ऐसी दवाओं का उपयोग न हो जो इंसानों के लिए हानिकारक हों। भारत ने गारंटी दी कि यूरोपीय संघ को भेजे जा रहे उत्पाद रोगाणुरोधी औषधीय उत्पादों और मानव चिकित्सा के लिए संरक्षित दवाओं से पूरी तरह मुक्त हैं। आसान भाषा में कहें तो भारतीय सीफूड में ऐसी किसी दवा का अंश नहीं है जो सेहत बिगाड़ दे। इसी भरोसे और आश्वासन के बाद यूरोपीय संघ ने भारत को अपनी सुरक्षित देशों की सूची में जगह दी है। यूरोपीय संघ भारतीय समुद्री खाद्य उत्पादों के लिए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2025-26 के दौरान भारत ने यूरोप को 1.593 अरब डॉलर मूल्य का सीफूड निर्यात किया।

### घटिया अंडे बेचने के आरोप पर एफएसएसएआई सख्त

## भ्रामक दावों पर सीसीपीए ने दो कोचिंग पर ठोका जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट को घटिया गुणवत्ता वाले अंडे बेचने की शिकायतों पर नोटिस भेजा है। सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया पर कई ग्राहकों ने ब्लिंकिट से मिले अंडों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। शिकायतों में कहा गया कि ये अंडे बदबूदार और रबर जैसी बनावट वाले हैं, जो इंसानी उपभोग के लिए असुरक्षित हैं। एफएसएसएआई ने ब्लिंकिट को इस मामले में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। कंपनी को सात दिनों के भीतर एक व्यापक कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) सौंपनी होगी। इसमें ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटरों की जिम्मेदारियों के पालन का विवरण भी देना होगा। सूत्रों का कहना है कि अनुपालन न करने पर एफएसएस एक्ट 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ब्लिंकिट की ओर से इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है।

उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जेईई और नीट परीक्षा परिणामों से जुड़े भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में मोशन एजुकेशन प्रालि. पर 10 लाख रुपये और सीकर स्थित करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी) पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा के आदेश में भ्रामक विज्ञापन को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माना गया। मोशन एजुकेशन ने अपने विज्ञापनों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 91.2 प्रतिशत और आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 51.02 प्रतिशत सफलता दर का दावा किया था। जबकि ऐसा नहीं था। पाकिस्तान ने चीनी पूंजी बाजार में प्रवेश करते हुए अपना पहला पांडा बॉन्ड जारी किया है। इसके जरिये पाकिस्तान ने करीब 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। पांडा बॉन्ड विदेशी संस्थाओं द्वारा चीन के घरेलू बाजार में जारी किए जाने वाले युआन-मूल्यवर्ग के बॉन्ड होते हैं।

# क्या देश पर कोई बड़ा संकट आने वाला है, 3 संकेत; सरकार क्या कर रही

# आप कैसे तैयार रहें



**बैंकर उदय कोटक ने मंगलवार को चेतावनी दी- ह्वबड़ा झटका आने ही वाला हैह्ल मुश्किल वक्त के लिए तैयार रहें।ह्न इससे दो दिन पहले पीएम मोदी ने भी कहा था- 1 साल तक सोना न खरीदें और पेट्रोल-डीजल कम खर्च करें। तो क्या कोई बड़ा संकट आने वाला है? हां, तो सरकार क्या कर रही और आप कैसे तैयार रहें;**


## संकट के संकेत क्या हैं?

### 1. प्रधानमंत्री की 7 अपीलें

10 मई को तेलंगाना के सिकंदराबाद की रैली में कहा- कोरोना सदी का सबसे बड़ा संकट था, तो अमेरिका-ईरान जंग से बने हालात इस दशक के बड़े संकटों में से एक है। इससे निपटने के लिए देशवासियों से 7 अपील की। कुछ देर बाद ही बीजेपी ने सोशल प्लेटफॉर्म पर ये पोस्टर भी जारी कर दिया- पश्चिम एशिया की जंग 27 फरवरी को शुरू हुई थी। सरकार कहती रही सब ठीक है। लेकिन ढाई महीने बाद प्रधानमंत्री सबसे अपील कर रहे हैं।

### 2. वित्त मंत्रालय ने कहा- महंगे तेल का बोझ टाल नहीं सकते

29 अप्रैल को जारी वित्त मंत्रालय की अप्रैल की मासिक इकॉनोमिक रिव्यू रिपोर्ट में लिखा- भारत देश के अंदर मजबूत डिमांड और बाहरी उथल-पुथल के दोराहे पर खड़ा है। ईरान जंग के बीच कुछ देशों ने तेल और बढ़ती हुई कीमतों का बोझ लोगों पर डालना शुरू कर दिया है। कुछ ने ऐसा नहीं किया, लेकिन ये टाला नहीं जा सकता। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना एक हजार करोड़ का घाटा हो रहा है। पिछली तिमाही में उन्हें करीब एक लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। तेल कंपनियां इसे कब तक झेल पाएंगी, ये बात मुझे परेशान करती है।







## सोने-चांदी पर अचानक इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाना

13 मई को केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है। जबकि 2024 के बजट में इंपोर्ट ड्यूटी 15% से घटाकर 6% की गई थी। ड्यूटी बढ़ाने से घरेलू बाजार में सोने-चांदी के गहने महंगे होंगे। ड्यूटी बढ़ाने के बाद 13 मई को सराफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 1.60 लाख रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

### पेट्रोल पर ₹13, डीजल पर ₹14 का घाटा



| | पेट्रोल का हिसाब | डीजल का हिसाब |
|---|---|---|
| कच्चे तेल की लागत | ₹64 | ₹64 |
| + | + | + |
| रिफाइनिंग और ढुलाई | ₹10.50 | ₹12 |
| + | + | + |
| टैक्स और कमीशन | ₹36 | ₹28.50 |
| = | = | = |
| **कुल असली लागत** | ₹110.50 | ₹104.50 |
| 15 मई की कीमत (दिल्ली) | ₹97.77 | ₹90.67 |
| घाटा | ₹12.73 | ₹13.83 |

नोट: पेट्रोल और डीजल का हिसाब अनुमानित

## जून-जुलाई में 39 मिलियन टन खाद की जरूरत, स्टॉक में सिर्फ आधा

खाद के तौर पर 3 चीजें मुख्य तौर पर इस्तेमाल होती हैं- यूरिया, ऊअढ और पोटाश। भारत अपनी जरूरत का 25-30% यूरिया, 90% ऊअढ और 100% पोटाश विदेशों से खरीदता है।

यूरिया बनाने में नेचुरल गैस लगती है। 60% गैस होर्मुज के रास्ते आती है, जिसमें अभी रुकावटें हैं। वहीं ऊअढ और पोटाश बनाने का कच्चा माल रूस, मोरक्को, जॉर्डन और सऊदी अरब देशों से आता है। इनके ट्रांसपोर्ट में भी दिक्कतें आ रही हैं।

# पेट्रोल-डीजल 17 रुपए तक महंगा हो सकता है

युद्ध से पहले 27 फरवरी को कच्चा तेल 67 डॉलर प्रति बैरल था, जो इस वक्त 107 डॉलर पहुंच गया है। यानी करीब 60% की बढ़ोत्तरी। लेकिन इस बीच पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े।

नुकसान उठा रही हैं इंडियन ऑयल, इढउछ और ऌढउछ जैसी सरकारी तेल कंपनियां। अप्रैल से जून वाली तिमाही में इन तीनों कंपनियों को मिलाकर 1.2 लाख करोड़ रुपए का घाटा होने का अनुमान है।

इन तीनों कंपनियों की नेट वर्थ अभी 3.48 लाख करोड़ रुपए है। अगर यही घाटा जारी रहा, तो सिर्फ दो और तिमाही यानी 6 महीने में इनकी नेटवर्थ शून्य हो सकती है। सीधे शब्दों में कंपनियां कागज पर दिवालिया हो जाएंगी। इसलिए पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की चर्चा है।

अब सवाल आता है कितना? मोटा-मोटी कैलकुलेशन है कि कंपनियों को अपना घाटा पूरा करने के लिए पेट्रोल पर 16 रुपए और डीजल 17 रुपए बढ़ाने की जरूरत है। बीते दो महीने में कच्चे तेल के दाम बढ़ने के चलते 120 से ज्यादा देशों में दाम बढ़ाए जा चुके हैं। पाकिस्तान में 44%, अमेरिका में 42% और चीन में 31%।

### 2. महंगाई दर बढ़ने से आपका मंथली बजट 15% बढ़ सकता है

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ईंधन की कीमतों में 15% की बढ़ोतरी होने पर महंगाई दर में 1% की सीधी बढ़ोत्तरी होती है। मार्च में थोक महंगाई दर 3.8% थी, जो अप्रैल में बढ़कर 8.3% हो गई। हालांकि अभी खुदरा महंगाई 3.48% पर नियंत्रण में है, क्योंकि सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए हैं। कीमतें बढ़ने और मानसून कमजोर होने से इसमें भी बढ़ोतरी होगी। सुनने में ये एक आंकड़ा है, लेकिन असल जिंदगी में इसके असर काफी गहरे हैं।

मान लीजिए कि पेट्रोल-डीजल के दाम ?15 प्रति लीटर बढ़ जाते हैं, तो एक मिडिल क्लास फैमिली का बजट कुछ ऐसे बिगड़ेगा-

### अगर आप महीने में 50 लीटर पेट्रोल खर्च करते हैं, तो 750 का सीधा अतिरिक्त खर्च होगा।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट और स्कूल बस की फीस में 10% से 15% तक की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत में सबसे ज्यादा 70% माल ढुलाई डीजल से चलने वाले ट्रकों से होती है। जुताई के लिए ट्रैक्टर और सिंचाई के लिए पंप भी डीजल से चलते हैं। इससे फल, सब्जियां, अनाज जैसी चीजों के दाम 10% से 15% तक बढ़ सकते हैं।



## खुद पर शर्म आनी चाहिए

# ट्रम्प ईरान जंग के सवाल पर भड़के, पत्रकार को झूठा बताया, कहा- सच नहीं लिखते हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को लेकर पूछे गए एक सवाल पर पत्रकार पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने रिपोर्टर को झूठा बताया और उसकी रिपोर्टिंग को देशद्रोह जैसा करार दिया।

ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान में पूरी तरह सैन्य जीत हासिल की है और यह बात सभी मानते हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ आप जैसे लोग ही सच नहीं लिखते।

इसके बाद ट्रम्प ने पत्रकार पर तंज करते हुए कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह आप लिखते हैं, वह देशद्रोह जैसा है। आपके एडिटर आपको जो लिखने को कहते हैं, आप वही लिखते हैं। आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। दरअसल द न्यूयॉर्क टाइम्स के रिपोर्टर डेविड सेंगर ने पूछा था कि अगर अमेरिका ने ईरान के खिलाफ पूरी सैन्य जीत हासिल कर ली है, तो फिर अमेरिका ने अपने पॉलिटिकल टारगेट क्यों अचीव नहीं किए और हमला अभी भी क्यों जारी है।

1. ट्रम्प-जिनपिंग में ईरान जंग पर दो बातों पर सहमतिः दोनों नेताओं ने माना कि मौजूदा युद्ध खत्म होना चाहिए और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खुला रहना चाहिए। हालांकि चीन ने युद्ध खत्म कराने में बड़ी भूमिका के संकेत नहीं दिए।

2. देशों में ईरान मुद्दे पर एक राय नहीं बनीः नई दिल्ली में हुई इफ्फ्तर विदेश मंत्रियों की बैठक में ईरान युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद दिखे। साझा बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर सभी देशों की सोच अलग-अलग है।

3. अमेरिका का दावा- चीन अब ज्यादा अमेरिकी तेल खरीदेगाः अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि युद्ध के बीच चीन अमेरिका से तेल खरीद बढ़ा सकता है। उन्होंने होर्मुज में जहाजों की सामान्य आवाजाही को जरूरी बताया।

4. चीन ने अमेरिका-ईरान से बातचीत जारी रखने की अपील कीः चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि होर्मुज संकट का समाधान सिर्फ स्थायी युद्धविराम और बातचीत से निकल सकता है। उन्होंने कहा कि ताकत नहीं, कूटनीति ही सही रास्ता है।

5. जर्मनी ने ईरान से तुरंत बातचीत शुरू करने को कहाः जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने कहा कि ईरान को तुरंत बातचीत की टेबल पर आना चाहिए और उसे परमाणु हथियार बनाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट खोलने की भी मांग की।

चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका और बहरीन समर्थित हॉर्मुज प्रस्ताव का विरोध किया है। चीन के वठ राजदूत फू कॉन्ग ने कहा कि प्रस्ताव का कंटेंट और समय दोनों सही नहीं हैं और इस समय ऐसा प्रस्ताव पास करना मददगार नहीं होगा। अमेरिका और बहरीन समर्थित प्रस्ताव में ईरान से हॉर्मुज स्ट्रेट में हमले और माइनिंग रोकने की मांग की गई है। अगर प्रस्ताव वोटिंग में जाता है तो चीन और रूस इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं।

### दोनों देशों ने पिछले महीने भी इसी तरह के अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को वीटो किया था

चीन के राजदूत फू कॉन्ग ने कहा, ह्नहमें नहीं लगता कि प्रस्ताव का कंटेंट सही है और इसका समय भी सही नहीं है।ह्व उन्होंने कहा कि अभी जरूरत दोनों पक्षों के बीच गंभीर और ईमानदार बातचीत की है। फू कॉन्ग ने कहा कि इस चरण में प्रस्ताव पास करना हालात सुधारने में मदद नहीं करेगा।



### गोलान हाइट्स में दुश्मन विमान घुसपैठ का अलर्ट फॉल्स निकला

इजराइली सेना ने कहा है कि गोलान हाइट्स के मजदल शम्स इलाके में दुश्मन विमान की घुसपैठ को लेकर जारी किया गया अलर्ट फॉल्स निकला। जांच के बाद सेना ने स्पष्ट किया कि कोई वास्तविक खतरा नहीं था। इजराइली सेना के मुताबिक, मजदल शम्स इलाके में संदिग्ध हवाई घुसपैठ की आशंका के बाद अलर्ट सक्रिय किया गया था। यह इलाका इजराइल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में स्थित है। सेना ने बाद में बयान जारी कर कहा कि किसी दुश्मन विमान की वास्तविक घुसपैठ नहीं हुई। हाल के दिनों में इजराइल की उत्तरी सीमा और गोलान हाइट्स इलाके में सुरक्षा तनाव लगातार बना हुआ है।

# ट्रम्प बोले- ईरान मुद्दे पर शी जिनपिंग की सोच हमारी जैसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को लेकर उनकी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सोच काफी हद तक एक जैसी है। रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा, ह्नहमने ईरान पर चर्चा की। हम दोनों चाहते हैं कि यह संघर्ष खत्म हो। हम नहीं चाहते कि ईरान के पास परमाणु हथियार हों और हम चाहते हैं कि समुद्री रास्ते खुले रहें।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने बीजिंग दौरे के आखिरी घंटे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निजी आवास में बिताए। यह जगह फॉरबिडन सिटी के पास है और यहां बहुत कम विदेशी या आम चीनी लोगों को जाने का मौका मिलता है।द गार्डियन के मुताबिक, ट्रम्प यहां शी जिनपिंग के साथ लंच करेंगे और इसके बाद दोपहर में बीजिंग से रवाना हो जाएंगे। वह करीब 48 घंटे पहले ही चीन पहुंचे थे।

जिनपिंग ने ट्रम्प को चीनी गुलाब के बीज गिफ्ट करने की घोषणा की है। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत बीजिंग के झोंगनानहाई परिसर में गार्डन टूर के दौरान हुई। जिनपिंग ने कहा कि यह परिसर कभी शाही बाग का हिस्सा हुआ करता था और यहां काफी ऐतिहासिक विरासत मौजूद है। उन्होंने बताया कि गार्डन में मौजूद एक पेड़ करीब 490 साल पुराना है। जिनपिंग ने कहा कि गार्डन में दिखे चीनी गुलाबों के बीज वे ट्रम्प को उपहार के तौर पर भेजेंगे। ट्रम्प ने घोषणा की है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 24 सितंबर को अमेरिका दौरे पर आएंगे। ट्रम्प ने कहा कि यह यात्रा पारस्परिक दौरे का हिस्सा होगी।

## ट्रम्प बोले- चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई:दोनों देशों को फायदा होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तीन दिन का चीन दौरा पूरा कर वापस रवाना हो गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अंतिम दौर की बातचीत की। दोनों नेताओं की यह बैठक बीजिंग के झोंगनानहाई परिसर में हुई। इसे चीन के शीर्ष नेतृत्व का सबसे सुरक्षित और गोपनीय सत्ता केंद्र माना जाता है।

बैठक के बाद ट्रम्प ने बताया कि चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से अमेरिका और चीन दोनों को फायदा होगा। ट्रम्प ने कहा, ह्नहमने कुछ शानदार समझौते किए हैं, जो दोनों देशों के लिए अच्छे हैं। हालांकि उन्होंने इन समझौतों की ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की। रवाना होते वक्त ट्रम्प को बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग यी उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ने आए।

### चीन से रवाना होते वक्त ट्रम्प को खास विदाई दी गई

चीन दौरा खत्म होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को बीजिंग एयरपोर्ट पर खास अंदाज में विदाई दी गई। एयर फोर्स वन के पास स्कूल के बच्चों ने अमेरिकी और चीनी झंडे लहराए। चीन के विदेश मंत्री वांग यी एयरपोर्ट पर ट्रम्प को विदा करने पहुंचे। विमान की सीढ़ियों पर चढ़ते वक्त ट्रम्प ने मुड़कर हाथ हिलाया।

### ताइवान ने अमेरिका को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया

ताइवान के विदेश मंत्री लिन चिया-लुंग ने अमेरिका का समर्थन जारी रखने के लिए धन्यवाद दिया है। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अमेरिका ताइवान स्ट्रेट में शांति और स्थिरता को महत्व देता है और लगातार उसका समर्थन कर रहा है। यह बयान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ताइवान को लेकर अमेरिका की नीति नहीं बदली है और चीन अगर बल प्रयोग करता है तो यह बहुत बड़ी गलती होगी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गए हैं और अब चीन दौरा खत्म कर अमेरिका लौटेंगे।

एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए सम्मान गार्ड तैनात किया गया और एयर फोर्स वन तक लाल कालीन बिछाया गया। बीजिंग के लोगों से जब ट्रम्प को लेकर राय पूछी गई, तो सबसे ज्यादा इस्तेमाल हुआ शब्द था अनप्रेडिक्टेबल यानी जिसका अगला कदम समझना मुश्किल हो। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, ट्रम्प जो कहते हैं, उसका मतलब हमेशा वही नहीं होता। ट्रम्प के होटल के पास शुक्रवार सुबह लोगों की भीड़ गुरुवार शाम के मुकाबले कम दिखी। भारी पुलिस तैनाती और बार-बार सड़कें बंद होने से कई स्थानीय लोग परेशान नजर आए।

# ट्रम्प बोले- चीन होर्मुज खोलने में मदद को तैयारः ईरान ने होर्मुज के लिए नए प्रोटोकॉल जारी किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावा किया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने होर्मुज को खुला रखने में मदद की पेशकश की है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि शी जिनपिंग चाहते हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता हो जाए।

ट्रम्प के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि अगर मैं किसी तरह मदद कर सकता हूं, तो मैं मदद करना चाहूंगा। चीन बड़ी मात्रा में ईरानी तेल खरीदता है, इसलिए उसकी भी दिलचस्पी है कि होर्मुज खुला रहे। उन्होंने कहा, जो देश इतना ज्यादा तेल खरीदता है, उसका जाहिरतौर पर ईरान के साथ रिश्ता होता है। चीन चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहे।

वहीं, ईरान ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को ईरान की निगरानी और मंजूरी से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने इफ्फ्तर देशों से अपील की है कि वो अमेरिका और इजराइल की निंदा करें। ईरान के मिशन ने कहा है कि अमेरिका, हॉर्मुज स्ट्रेट पर बहरीन समर्थित प्रस्ताव को मिले समर्थन को दिखाकर यह जताने की कोशिश कर रहा है कि उसे व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन हासिल है। ईरान ने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे पर तनाव बढ़ता है, तो प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों की भी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी होगी। ईरान ने कहा कि अमेरिका की आक्रामक कार्रवाई को समर्थन देने के लिए कोई राजनीतिक या कूटनीतिक बहाना नहीं है। अमेरिका, बहरीन और खाड़ी देशों के समर्थन वाले इस प्रस्ताव में हॉर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की आजादी सुनिश्चित करने और खाड़ी क्षेत्र में ईरानी हमले रोकने की मांग की गई है। वॉशिंगटन में दो दिनों तक चली बातचीत के बाद इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधिमंडलों ने 45 दिनों के लिए सीजफायर बढ़ाने पर सहमति जताई है।



### शी जिनपिंग बोले- ट्रम्प का दौरा ऐतिहासिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ट्रम्प के साथ बयान देते हुए शी जिनपिंग ने कहा कि यह दौरा ऐतिहासिक और बेहद अहम रहा है।

उन्होंने कहा, इस दौरान हमारे दोनों देशों के बीच एक नया और सकारात्मक रणनीतिक रिश्ता बना है। इसे सच में एक माइलस्टोन घटना कहा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ईरान मुद्दे पर उनकी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सोच काफी मिलती है, लेकिन शी ने सार्वजनिक बयान में ईरान संघर्ष का कोई जिक्र नहीं किया। हालांकि इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि ईरान युद्ध कभी होना ही नहीं चाहिए था और क्षेत्र में तनाव कम करने की अपील की थी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, स्वीच-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | हु | म | ता | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | प | न | घ | ट |
| स | ब | ल | ■ | बी | स | न | ■ | क |
| ■ | र | की | म | ■ | या | ■ | ना | रा |
| स | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ | थ |
| र | कि | ■ | ब | ■ | न | हू | र | ■ |
| ह | ■ | म | जा | क | ■ | नी | या | ला |
| द | फ | ना | ना | ■ | सा | ■ | च | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | बा | थ | च | ट | जी |
| णे | खु | कु | प | ई | जी | ने | शि | या | ड | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | ज | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | जी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भ | र | च | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | या | तें | ह | म | ज | जी | श | जू | ड्डी |
| र | ज | ल | गो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | व | लि | रा | म | भ | ज | त |

शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रबी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पत्नी - तुम प्यार करते हो मुझे?
पति - हां, बिल्कुल शाहजहां की तरह।
पत्नी - मतलब मेरे मरने के बाद ताजमहल बनवाओगे?
पति - मैं प्लॉट ले चुका हूं पगली, देर तो तू कर रही है।

00000000000

टीचर - बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे,
ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया,
ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और
ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया।
ये बात सुनकर नंदू बोला - और ये रही हमारी मैडम, जिनका देहांत हो गया।
(नंदू की फिर तगड़ी कुटाई हुई)।

00000000000

पप्पू फिजिक्स का एग्जाम देने गया, पेपर में सवाल पूछा गया...
सवाल - कौन सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
पप्पू का जवाब - बेसन के पकौड़े।

00000000000

पप्पू - पापा मुझे मैडम रोज मार लगाती हैं।
पापा - तू डर मत बेटे, तू तो शेर का बच्चा है!
पप्पू - मैडम भी यही कहती हैं।
पापा - क्या?
पप्पू - ना जाने किस जानवर की औलाद है
कुछ पढ़ता ही नहीं!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# क्या देश पर कोई बड़ा संकट आने वाला है, 3 संकेत; सरकार क्या कर रही

# आप कैसे तैयार रहें



**बैंकर उदय कोटक ने मंगलवार को चेतावनी दी- ह्यबड़ा झटका आने ही वाला हैङ्घ मुश्किल वक्त के लिए तैयार रहें।ह्न इससे दो दिन पहले पीएम मोदी ने भी कहा था- 1 साल तक सोना न खरीदें और पेट्रोल-डीजल कम खर्च करें। तो क्या कोई बड़ा संकट आने वाला है? हां, तो सरकार क्या कर रही और आप कैसे तैयार रहें;**


## संकट के संकेत क्या हैं?

### 1. प्रधानमंत्री की 7 अपीलें

10 मई को तेलंगाना के सिकंदराबाद की रैली में कहा- कोरोना सदी का सबसे बड़ा संकट था, तो अमेरिका-ईरान जंग से बने हालात इस दशक के बड़े संकटों में से एक है। इससे निपटने के लिए देशवासियों से 7 अपील की। कुछ देर बाद ही बीजेपी ने सोशल प्लेटफॉर्म पर ये पोस्टर भी जारी कर दिया- पश्चिम एशिया की जंग 27 फरवरी को शुरू हुई थी। सरकार कहती रही सब ठीक है। लेकिन ढाई महीने बाद प्रधानमंत्री सबसे अपील कर रहे हैं।

### 2. वित्त मंत्रालय ने कहा- महंगे तेल का बोझ टाल नहीं सकते

29 अप्रैल को जारी वित्त मंत्रालय की अप्रैल की मासिक इकॉनोमिक रिव्यू रिपोर्ट में लिखा- भारत देश के अंदर मजबूत डिमांड और बाहरी उथल-पुथल के दोराहे पर खड़ा है। ईरान जंग के बीच कुछ देशों ने तेल और बढ़ती हुई कीमतों का बोझ लोगों पर डालना शुरू कर दिया है। कुछ ने ऐसा नहीं किया, लेकिन ये टाला नहीं जा सकता। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना एक हजार करोड़ का घाटा हो रहा है। पिछली तिमाही में उन्हें करीब एक लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। तेल कंपनियां इसे कब तक झेल पाएंगी, ये बात मुझे परेशान करती है।







## सोने-चांदी पर अचानक इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाना

13 मई को केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है। जबकि 2024 के बजट में इंपोर्ट ड्यूटी 15% से घटाकर 6% की गई थी। ड्यूटी बढ़ाने से घरेलू बाजार में सोने-चांदी के गहने महंगे होंगे। ड्यूटी बढ़ाने के बाद 13 मई को सराफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 1.60 लाख रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

### पेट्रोल पर ₹13, डीजल पर ₹14 का घाटा



| | पेट्रोल का हिसाब | डीजल का हिसाब |
|---|---|---|
| कच्चे तेल की लागत | ₹64 | ₹64 |
| | + | + |
| रिफाइनिंग और ढुलाई | ₹10.50 | ₹12 |
| | + | + |
| टैक्स और कमीशन | ₹36 | ₹28.50 |
| | = | = |
| **कुल असली लागत** | ₹110.50 | ₹104.50 |
| 15 मई की कीमत (दिल्ली) | ₹97.77 | ₹90.67 |
| घाटा | ₹12.73 | ₹13.83 |

नोट: पेट्रोल और डीजल का हिसाब अनुमानित

## जून-जुलाई में 39 मिलियन टन खाद की जरूरत, स्टॉक में सिर्फ आधा

खाद के तौर पर 3 चीजें मुख्य तौर पर इस्तेमाल होती हैं- यूरिया, ऊअढ और पोटाश। भारत अपनी जरूरत का 25-30% यूरिया, 90% ऊअढ और 100% पोटाश विदेशों से खरीदता है।

यूरिया बनाने में नेचुरल गैस लगती है। 60% गैस होर्मुज के रास्ते आती है, जिसमें अभी रुकावटें हैं। वहीं ऊअढ और पोटाश बनाने का कच्चा माल रूस, मोरक्को, जॉर्डन और सऊदी अरब देशों से आता है। इनके ट्रांसपोर्ट में भी दिक्कतें आ रही हैं।

# पेट्रोल-डीजल 17 रुपए तक महंगा हो सकता है

युद्ध से पहले 27 फरवरी को कच्चा तेल 67 डॉलर प्रति बैरल था, जो इस वक्त 107 डॉलर पहुंच गया है। यानी करीब 60% की बढ़ोत्तरी। लेकिन इस बीच पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े।

नुकसान उठा रही हैं इंडियन ऑयल, इढउछ और ऌढउछ जैसी सरकारी तेल कंपनियां। अप्रैल से जून वाली तिमाही में इन तीनों कंपनियों को मिलाकर 1.2 लाख करोड़ रुपए का घाटा होने का अनुमान है।

इन तीनों कंपनियों की नेट वर्थ अभी 3.48 लाख करोड़ रुपए है। अगर यही घाटा जारी रहा, तो सिर्फ दो और तिमाही यानी 6 महीने में इनकी नेटवर्थ शून्य हो सकती है। सीधे शब्दों में कंपनियां कागज पर दिवालिया हो जाएंगी। इसलिए पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की चर्चा है।

अब सवाल आता है कितना? मोटा-मोटी कैलकुलेशन है कि कंपनियों को अपना घाटा पूरा करने के लिए पेट्रोल पर 16 रुपए और डीजल 17 रुपए बढ़ाने की जरूरत है। बीते दो महीने में कच्चे तेल के दाम बढ़ने के चलते 120 से ज्यादा देशों में दाम बढ़ाए जा चुके हैं। पाकिस्तान में 44%, अमेरिका में 42% और चीन में 31%।

### 2. महंगाई दर बढ़ने से आपका मंथली बजट 15% बढ़ सकता है

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ईंधन की कीमतों में 15% की बढ़ोतरी होने पर महंगाई दर में 1% की सीधी बढ़ोत्तरी होती है। मार्च में थोक महंगाई दर 3.8% थी, जो अप्रैल में बढ़कर 8.3% हो गई। हालांकि अभी खुदरा महंगाई 3.48% पर नियंत्रण में है, क्योंकि सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए हैं। कीमतें बढ़ने और मानसून कमजोर होने से इसमें भी बढ़ोतरी होगी। सुनने में ये एक आंकड़ा है, लेकिन असल जिंदगी में इसके असर काफी गहरे हैं।

मान लीजिए कि पेट्रोल-डीजल के दाम ?15 प्रति लीटर बढ़ जाते हैं, तो एक मिडिल क्लास फैमिली का बजट कुछ ऐसे बिगड़ेगा-

### अगर आप महीने में 50 लीटर पेट्रोल खर्च करते हैं, तो 750 का सीधा अतिरिक्त खर्च होगा।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट और स्कूल बस की फीस में 10% से 15% तक की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत में सबसे ज्यादा 70% माल ढुलाई डीजल से चलने वाले ट्रकों से होती है। जुताई के लिए ट्रैक्टर और सिंचाई के लिए पंप भी डीजल से चलते हैं। इससे फल, सब्जियां, अनाज जैसी चीजों के दाम 10% से 15% तक बढ़ सकते हैं।



■ वर्ष-12 अंक-192 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 16 मई, 2026

### सुभाषितानि

सालस्यो गर्वितो निद्रः परहस्तेन लेखकः।
अल्पविद्यो विवादी च षडेते आत्मघातकाः।।

**भावार्थ** : आलसी, अभिमानी, बहुत अधिक सोना, अजनबियों के साथ लिखना, थोड़ा सीखना और बहस करना ये छह आत्महत्याएं हैं।

कुलं छलं धनं चैव रुपं यौवनमेव च।
विद्या राज्यं तपश्च एते चाष्टमदाः स्मृताः।।

**भावार्थ** : कुल, छल, धन, रुप, यौवन, विद्या, अधिकार और तपस्या ये आठ मद हैं।

## सम्पादकीयम्

### नाटो-नगरस्य उपरि संकटस्य मेघाः

नाटो-नगरस्य उपरि संकटस्य मेघाः समागच्छन्ति; ट्रम्पस्य वक्तव्यं विश्वस्य बृहत्तमे सैन्यसङ्गठने अशान्तिं जनयति अमेरिकीराष्ट्रपतिना डोनाल्ड ट्रम्पस्य संकेताः यत् सः नाटोतः निवृत्तः भवितुम् अर्हति इति वैश्विकराजनीत्यां महत्त्वपूर्णं अशान्तिं प्रेरितवान्। इरान्-देशेन सह संघर्षस्य विषये सहकार्यस्य अभावात् क्रुद्धः ट्रम्पः गठबन्धनस्य दुर्बलत्वेन लक्षणं कृतवान्। यूरोपीयराष्ट्रानां विविधानि वृत्तयः अमेरिका प्रथमं नीतिं च दृष्ट्वा नाटो-सङ्घस्य भविष्यस्य विषये, पाश्चात्यसैन्यगठबन्धनस्य एकतायाः विषये च प्रश्नाः उत्पन्नाः नाटो-विश्वस्य सर्वाधिकशक्तिशालिनः सैन्यगठबन्धनस्य सम्भाव्यविघटनस्य विषये आशङ्काः उद्भूताः सन्ति। अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः उक्तवान् यत् अमेरिका गठबन्धनात् निवृत्तिविषये चिन्तयति। प्रथमकार्यकाले ट्रम्पः पूर्वमेव सदस्यराष्ट्रानां तीक्ष्णतया आलोचनां कृतवान् यत् ते अमेरिकादेशस्य तुलने गठबन्धने महत्त्वपूर्णतया न्यूनतया आर्थिकसमर्थनस्य योगदानं ददति स्म द्वितीयकार्यकाले अमेरिकीराष्ट्रपतिः इरान्-देशेन सह संघर्षस्य समये प्राप्तस्य समर्थनस्य अभावेन अतीव क्रुद्धः अस्ति-विशेषतः होर्मुज्-जलसन्धिं उद्घाटितं स्थापयितुं प्रयत्नानाम् विषये-अस्याः पृष्ठभूमितः एव तस्य नवीनतमं वक्तव्यं प्रकाशितम् अस्ति। आक्रोशस्य कारणम्: ट्रम्पः गठबन्धनं कागजव्याघ्रः इति खण्डितवान्। यदि एतत गठबन्धनं पततितर्हि पाश्चात्यसहकार्यस्य।

डोनाल्ड ट्रम्पस्य चीनयात्रायाः कारणेन वैश्विकराजनीतेः क्षेत्रे नूतनाः चर्चाः उत्पन्नाः

# प्रारम्भिकः स्नबः तदनन्तरं शी जिनपिङ्गस्य विशेषः उपहारः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

डोनाल्ड ट्रम्पस्य चीनयात्रायाः कारणेन वैश्विकराजनीतेः क्षेत्रे नूतनाः चर्चाः उत्पन्नाः। यदा बीजिंग-नगरे तस्य आगमनं प्रारम्भे विवादैः, तस्य स्वागतसम्बद्धे कथितस्य कूटनीतिक-अवरोधस्य च चर्चाभिः आच्छादितम् आसीत्, तदा भ्रमणस्य अन्तिमदिने नाटकीयं परिवर्तनं जातम् यदा शी जिनपिङ्ग इत्यनेन ट्रम्प-महोदयाय अद्वितीयः सम्मानः प्रदत्तः चीनदेशस्य राष्ट्रपतिः व्यक्तिगतरूपेण ट्रम्पस्य अनुसरणं कृतवान् झोंगनानहाई-नगरस्य भ्रमणार्थं-तस्य अत्यन्तं गुप्तसर्वकारस्य आवासीयपरिसरस्य च-यत् चीनस्य श्वेतगृहस्य समकक्षं व्यापकरूपेण गण्यते इदं परिसरं सामान्यतया विदेशीयगणमान्यजनानाम् कृते सख्यं सीमातः बहिः एव तिष्ठति, बहिः नेतारं भ्रमणं कर्तुं आमन्त्रयितुं असाधारणतया दुर्लभा घटना इति मन्यते।

शुक्रवासरे चीनदेशात् निर्गच्छन् वायुसेना-एक-याने पत्रकारैः सह सम्भाषणं कुर्वन् ट्रम्पः अस्य सङ्घर्षस्य आश्चर्यजनकः दुर्लभः च इति वर्णितवान्। सः अवलोकितवान् यत सः यस्मिन् स्थाने राष्ट्रपतिः शी जिनपिङ्ग निवसति, स्वस्य आधिकारिककार्यं च करोति तत्रैव गतः। ट्रम्पः टिप्पणीं कृतवान् यत् एतादृशी घटना अतीव विरलतया भवति, पूर्वं जनाः एतादृशं दृश्यं कदापि न दृष्टवन्तः इति। अमेरिकीराष्ट्रपतिस्य वक्तव्यस्य उद्भवमात्रेण अन्तर्राष्ट्रीयमाध्यमपरिदृश्ये झोङ्गनान्हाई-भ्रमणस्य विषये चर्चाः तीव्रताम् अवाप्तवन्तः।

समाचारानुसारं झोङ्गनान्हाई-सङ्कुलं-प्रायः १५०० एकर्-परिमितं-चीनदेशे विद्युत्-सङ्कुलं सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णं केन्द्रं मन्यते। चीनीयसाम्यवादीदलस्य, केन्द्रसर्वकारस्य च शीर्षनेतृत्वस्य निवासस्थानं, कार्यस्थलं च अत्र कार्यं करोति। राष्ट्रपतिः शी जिनपिङ्ग स्वयमेव ट्रम्पस्य परिसरस्य मार्गदर्शनं कृतवान्, एतत् सूचयन् यत् एतत् एव स्थानं यत्र चीनस्य उच्चतमं नेतृत्वं स्वकार्यं करोति। राजनैतिकविश्लेषकाः एतत् इशारं द्वयोः राष्ट्रयोः सम्बन्धं विगलयितुं जानी-बुझकर प्रयत्नः इति पश्यन्ति। परन्तु ट्रम्पस्य भ्रमणं आरम्भादेव विवादेषु उलझितम् आसीत्। बीजिंग-नगरम् आगमनस्य प्रथमदिने एव अनेके राजनैतिक-विश्लेषकाः सामाजिक-माध्यम-उपयोक्तारः च आरोपितवन्तः यत् चीन-देशः अमेरिकी-राष्ट्रपतिं प्रति प्रोटोकॉल-आधारित-सम्मानस्य स्तरं दातुं असफलः अभवत् यत् अपेक्षितम् आसीत् यद्यपि ट्रम्पस्य स्वागते रेड कार्पेट्, सैन्यगार्ड आफ ऑनर्, छात्राणां स्वागतसमूहः।

प्रत्येकं समये तेषां कृते

# आश्वासनानि प्राप्यन्ते स्म यत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अधुना नेतृत्वस्य आवरणं मुख्यमन्त्री भजनलालशर्मा इत्यस्मै गतः, यः पूर्णसहकार्यस्य आश्वासनं दत्तवान्। एतानि आश्वासनानि विभिन्ननगरेषु-मुम्बई, पुणे, सूरत, अहमदाबाद-इत्यादिषु चेन्नै, बेङ्गलूरु, हैदराबाद-नगरेषु च विस्तारितानि सन्ति जयपुरे मुख्यमन्त्री न केवलं एकवारं, अपितु अनेकवारं प्रवासीप्रतिनिधिभिः सह मिलितवान्। प्रत्येकं समये तेषां कृते सर्वकाराद् आश्वासनानि प्राप्यन्ते स्म यत् अबाधितविद्युत्प्रदायस्य प्रतिज्ञा; जलप्रदायः न बाधितः भविष्यति इति गारण्टी; तथा मार्गेषु सुधारः भविष्यति, परिवहनव्यवस्थाः सुव्यवस्थिताः भविष्यन्ति इति आश्वासनं च। सर्वाधिक महत्त्वपूर्णं तु तेषां कृते दृढप्रतिज्ञा प्राप्ता यत भ्रष्टाधिकारिणः तान् न उपद्रविष्यन्ति इति-एतत् खलु महत्त्वपूर्णं आश्वासनं। अधुना भजनलालस्य प्रतिज्ञायाः यथार्थपरीक्षा आरभ्यते।

सेलो जडं गृह्णाति; तूफानः अद्यापि प्रचण्डः अस्ति यदि उद्योगाः स्थापिताः भवन्ति तर्हि रोजगारस्य अवसराः सृज्यन्ते, अर्थव्यवस्थां सुदृढां करिष्यति, समग्रविकासं च चालयिष्यति इति सर्वकारः पूर्णतया स्वीकुर्वति। परन्तु सर्वकारेण एतदपि अवश्यमेव ज्ञातव्यं यत् उद्यमिनः स्वमातृभूमिप्रेम तदा एव प्रफुल्लिताः भविष्यन्ति यदा सर्वं क्रमेण भवति। अधुना यावत केवलं सेलो एव यथार्थतया स्वपदं प्राप्तवान्; तस्य गतिस्य पूर्णबलं अद्यापि आगन्तुं वर्तते। किलर इत्यनेन अपि महत्त्वपूर्णा प्रगतिः कृता अस्ति। तथापि मोडटेक्स, जीएम, इन्स्पिरा, फ्लेयर, भारत, कल्पतरु, टोर्सो, वर्णी इत्यादयः ब्राण्ड्-समूहाः अद्यापि पक्षेषु प्रतीक्षन्ते। यदि विश्वासः स्थास्यति तर्हि गोडवाडस्य समृद्धिः भविष्यति। परन्तु-विद्युत्, जलप्रदायस्य, मार्गस्य, परिवहनस्य, आधारभूतसंरचनायाः।

## न्यायालयः विस्तृतसुनवायी करिष्यति कानूनी प्रोटोकॉलः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

तस्य नाम हृतुं उत्तरदायी आसीत् एतस्मिन् शङ्के कार्यं कृत्वा ते परिवारे आक्रमणं कृतवन्तः। तदनन्तरं हरिः (उर्फ हरीशः) गृहीतः, तस्य भ्राता संतोषः पुलिस-सङ्घर्षे मारितः। २०२६ तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरी-मासस्य २४ दिनाङ्के मण्डला-नगरस्य अतिरिक्तजिल्लान्यायाधीशः प्रवीणकुमारसिन्हा इत्यनेन अभियुक्तानां मृत्युदण्डः दत्तः। न्यायालयः उभयप्रकरणेषु विस्तृतसुनवायी करिष्यति कानूनी प्रोटोकॉलः आज्ञापयति यत् मृत्युदण्डसम्बद्धेषु प्रकरणेषु उच्चन्यायालयेन पुष्टिः अनिवार्यः भवति। अभियुक्तस्य अपीलस्य अधिकारः अपि अस्ति। फलतः उच्चन्यायालयः अधुना द्वयोः प्रकरणयोः सम्यक समीक्षां करिष्यति, साक्ष्याणां, निष्पक्षन्यायालयस्य निर्णयस्य, कानूनीप्रक्रियाणां पालनस्य च परीक्षणं करिष्यति।

## राशिफल

**मेष** : जीवन में समृद्धि आएगी। आज के दिन आपको सेहत पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है।

**वृषभ** : धन को चालाकी से संभालें। निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों में विवाद में पड़ने से दूर रहें।

**मिथुन** : धन संबंधी दिक्कतें मौजूद रहेंगी लेकिन स्वास्थ्य अच्छा है।आसान लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए एक पक्का प्लान बनाएं।

**कर्क** : आज के दिन आर्थिक रूप से आप अच्छे हैं और सेहत भी अच्छी रहेगी। आपकी लगातार कोशिशें क्लियर नतीजे लाएंगी।

**सिंह** : वित्तीय सफलता आपका साथी है जबकि स्वास्थ्य चिंता का टॉपिक बन सकता है। प्रेमी बहस शुरू कर सकता है।

**कन्या** : आज किसी भी तरह का लेन-देन करते समय सतर्क रहें। अपनी डाइट को हेल्दी रखें।

**तुला** : बिजी कार्यक्रम और कठिन कार्यों के बावजूद, तुला राशि वाले उन्हें पूरा करने में सफल होंगे।

**वृश्चिक** : तनाव दूर करने के लिए पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं। ऑफिस का प्रेशर घर लेकर न आना ही बेहतर हैं।

**धनु** : आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है। आज खर्च करते वक्त आपको सावधानी बरतनी जरूरी है।

**मकर** : आपकी करियर लाइफ थोड़ी गड़बड़ा सकती है। साथ ही आज आपको निवेश करते दौरान बेहद सावधान रहना चाहिए।

**कुंभ** : आज काम पर फोकस करने की सलाह दी जाती है। अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं।


**मीन** : सिंगल लोगों की मुलाकात किसी स्पेशल से हो सकती है। काम का प्रेशर ज्यादा फील हो तो कुछ देर के लिए ब्रेक लें।

## ज्योतिष/वास्तु

# ज्येष्ठ के 8 मंगलवार बदलेंगे किस्मत, किन राशियों पर बरसेगी कृपा और धन लाभ

वर्ष 2026 में ज्येष्ठ मास का 8 बड़े मंगल संयोग 19 साल बाद बन रहा है। जानें इस दुर्लभ खगोलीय घटना का धार्मिक महत्व, हनुमान जी की कृपा और किन राशियों पर इसका सबसे अधिक शुभ प्रभाव पड़ेगा।

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह के मंगलवारों का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है, जिन्हें ह्यबड़ा मंगलह्न या ह्यबुढ़वा मंगलह्न के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2026 इस दृष्टि से अत्यंत खास रहने वाला है, क्योंकि इस बार ज्येष्ठ मास 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक चलेगा और अधिक मास के कारण यह अवधि सामान्य से बढ़कर 59 दिनों की हो जाएगी। इसी अद्भुत खगोलीय और ज्योतिषीय संयोग के चलते इस वर्ष



भक्तों को 4 या 5 नहीं, बल्कि पूरे 8 बड़े मंगल के पावन अवसर प्राप्त होंगे, जो हनुमान भक्तों के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माने जा रहे हैं।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ मास में 8 बड़े मंगल का यह दुर्लभ संयोग लगभग 19 साल बाद बन रहा है। इससे पहले ऐसा विशेष योग वर्ष 2007 में देखने को मिला था। धार्मिक मान्यता है कि इस अवधि में बजरंगबली अपने वृद्ध स्वरूप में भक्तों के दुख-दर्द हरते हैं और उनकी मनोकामनाओं को पूर्ण करने का आशीर्वाद देते हैं। जो श्रद्धालु इस पावन समय में हनुमान जी की विधिवत पूजा, सेवा और भक्ति करते हैं, उन्हें विशेष कृपा प्राप्त होती है। अब आगे जानते हैं कि इस विस्तारित ज्येष्ठ मास और 8 बड़े मंगल का किन राशियों पर सबसे अधिक शुभ प्रभाव पड़ने वाला है।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह समय व्यापार और नौकरी में प्रगति लेकर आएगा। नए व्यवसाय या पार्टनरशिप शुरू करने के लिए यह अवधि अत्यंत अनुकूल रहेगी। बजरंगबली की कृपा से आय के नए स्रोत खुलने और कारोबार के विस्तार के योग बनेंगे। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी और मानसिक तनाव कम होगा।

**कर्क राशि–** कर्क राशि के जातकों को इस अवधि में रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। आय बढ़ाने के लिए की गई यात्राएं भविष्य में लाभकारी सिद्ध होंगी। व्यापार और निवेश से जुड़े निर्णय सही साबित होंगे और अच्छा लाभ देंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा और पुराने रोगों से राहत मिलने के योग बनेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

**कन्या राशि–** कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय करियर में उन्नति लेकर आएगा। फिजूलखर्चों में कमी आने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बचत बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति या नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। छात्रों के लिए यह समय बड़ी सफलता प्राप्त करने वाला रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह समय निवेश के लिए अत्यंत शुभ रहेगा। सोच-समझकर किए गए निवेश से भविष्य में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कार्यस्थल पर आपकी वाणी और व्यवहार से सम्मान और पहचान बढ़ेंगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भाई-बहनों के साथ चल रहे पुराने विवाद समाप्त होंगे और संबंध मजबूत होंगे।

## खबर एक नजर...

### मुस्लिम युवक के साथ तराना में मिली लापता युवती

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर से लापता युवती 2 दिन बाद तराना तहसील की कोर्ट में मुस्लिम युवक के साथ मिली। हिन्दूवादी संगठन खबर मिलने पर कोर्ट पहुंचा था। जहां युवक-युवती शादी के दस्तावेज तैयार करवा रहे थे। मामला लव जिहाद से जुड़ा होने पर हिन्दूवादी संगठन ने तराना थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर पता चला कि युवती की गुमशुदगी पंवासा थाने में दर्ज है। जानकारी लगने पर पंवासा थाना पुलिस की टीम तराना पहुंची और युवक-युवती को उज्जैन लाया गया। इस दौरान सामने आया कि युवक ग्राम नलेश्री का रहने वाला है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई का कहना था कि युवती बालिग होना सामने आई है, जिसके बयान दर्जकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। युवक से पूछताछ की जा रही है।

### शराबी पुत्र ने पिता से किया विवाद, दोनों घायल

**उज्जैन।** राजीव रत्न मल्टी में रहने वाले मोहनलाल पिता दयाराम चौहान का रात में पुत्र रवि से विवाद हो गया। पुत्र शराब के नशे में था। दोनों के बीच हुई मारपीट में पिता ईंट लगने पर घायल हो गया। वहीं पिता ने भी पुत्र की उंगली दांत से काट ली। घायल पिता के अनुसार पुत्र अलग रहता था, रात में वह भांजे को लेने आया था, लेकिन पुत्र ने शराब पी रखी थी, जिसके चलते उसे भांजे को ले जाने से मना कर दिया था। जिसके चलते उसने मारपीट की। पिता-पुत्र के बीच मारपीट का एक मामला राघवी थाना क्षेत्र के भाटखेड़ी में हुआ। 70 साल के लालू पिता मांगू मालवीय के साथ पुत्र श्यामलाल ने पत्थर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। राघवी पुलिस ने पिता की शिकायत पर पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पिता का कहना था कि उनके दोनों पोते आपस में झगड़ा कर रहे थे। दोनों को देख बड़े पोते का थप्पड़ मार दिया था। इसी बात पर पुत्र ने मारपीट की है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम निपानिया बदर के रहने वाले चंदर पिता श्रवणसिंह 18 साल ने गुरूवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया था। परिजनों ने नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार दोपहर चंदर की मौत हो गई। नीलगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। फिलहाल चंदर के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। मर्ग डायरी के साथ मामला जांच के लिये महिदपुर पुलिस को सौंपा जायेगा।

### रास्ता रोका 2 दोस्तों पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

**उज्जैन।** महिदपुर के दर्जी बाखल में रहने वाला अनुज पिता शिवसिंह राजपूत 26 साल अपने दोस्त सूरज के साथ बाइक से ग्राम सेमलिया शादी में शामिल होने गया था। जहां से गुरूवार-शुक्रवार रात 11.30 बजे वापस लौट रहा था, तभी ग्राम रसूलपुरा फंटा पर उनकी बाइक को अज्ञात कुछ लोगों ने रोका और गाली-गलौच करते हुये पाईप-फर्शी से हमला कर दिया। जिसमें अनुजसिंह घायल हो गया। महिदपुर पुलिस ने अज्ञात 4-5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 234 | 256-3 |
| मेन बाजार | 169-6 | 167-4 |
| मिलन डे | 170-8 | 256-3 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 288-8 |

3 7 8

### बोट ब्रो कंपनी के 5 कर्ताधर्ताओं ने कई लोगों को लगाई चपत

# ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर हड़पे 11 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शेयर मार्केट और फारेस्ट ट्रेडिंग में पैसा लगाने पर 8 से 10 प्रतिशत का मुनाफ देने का झांसा देकर बोट ब्रो कंपनी में 5 कर्ताधताओं ने कई लोगों को लाखों की चपत लगा दी। मामले में 11 लाख की धोखाधड़ी का शिकार हुये व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि शास्त्रीनगर में रहने वाले धीरज पिता ओमप्रकाश गौभुज ने आवेदन देकर बताया था कि खेती किसानी के साथ नोटरी का काम करता हूं। परिचित विनोद नागर ने मार्च 2024 में बताया था कि शेयर मार्केट व फारेक्स ट्रेडिंग मे निवेश कर प्रतिमाह 5 से 8 प्रतिशत का लाभ कमा रहा हूं। अगर तुम्हे भी लाभ कमाना है तो बोट ब्रो कंपनी अधिकारी मिटिंग करने 25 मार्च को 2024 को श्री गजलक्ष्मी होटल कोट मोहल्ला में निवेशको को स्कीम समझाने आ रहे है। 25 मार्च को श्री गजलक्ष्मी होटल पहुंचा, जहां बोट ब्रो कंपनी के अर्पित शर्मा (मैनेजर), शैलेष चौधरी (अकाउंटेंट) निवासी उज्जैन, निलेश पाठक (कम्पनी एमडी), मनीष खोद (डायरेक्टर),और राकेशसिंह (अकाउंट हैड) निवासी भोपाल से मुलाकात हुई। मीटिंग मे बहुत सारे निवेशक आये हुये थे। कंपनी वालों ने बताया कि हमारी कम्पनी बोट ब्रो सेबी व आरबीआई से रजिस्टर्ड है जो आपके द्वारा निवेश किये गये रूपयो को फारेक्स ट्रेडिंग मे लगाकर प्रतिमाह 8 से 10 प्रतिशत लाभ कमाती है। कंपनी 2 प्रतिशत प्रोफिट रखकर बाकि प्रोफिट आपके खाते मे ट्रांसफर कर देती है, साथ ही आपको गिफ्ट के रूप मे एक टीएलसी क्वाईन आपको देगी जिसकी कीमत भविष्य मे लगातार बढेगी। मीटिंग के बाद मई 2024 में दोबारा श्री गजलक्ष्मी होटल कोट मोहल्ला पर मैंने अर्पित शर्मा, निलेश पाठक व शैलेष चौधरी से स्वयं, पत्नी व बच्चो के नाम पर बोट ब्रो कम्पनी मे रजिस्ट्रेशन कर 11 लाख का निवेश किया। तीनों ने रजिस्ट्रेशन के नाम से 10-10 हजार रुपए अलग से लिये। मार्च 2025 तक मुझे प्रोफिट दिया गया। उसके बाद मुनाफा देना बंद कर दिया। कंपनी के मैनेजर, आकाउंटेंट और एमडी से संपर्क किया तो उन्होने आनाकानी शुरू कर दी। उनसे 11 लाख वापस लौटाने को कहा तो कुछ दिन बाद संपर्क करना बंद कर दिया। सालभर बाद भी उसे निवेश किये गये रुपए वापस नहीं मिले है। थाना प्रभारी के अनुसार आवेदन की जांच के बाद मामले में कंपनी के मैनेजर, आकाउंट अधिकारी, कंपनी एमडी, डायरेक्टर और अकाउंट हैड के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया है। पांचों आरोपितों की तलाश के लिये एक टीम गठित की जा रही है।

#### 12 से 15 लोगों के साथ धोखाधड़ी

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बोट ब्रो कंपनी द्वारा महाकाल क्षेत्र में ही 4 से 5 लोगों को निवेश कराकर ठगा है। वहीं जांच के दौरान पता चला कि कंपनी के कर्ताधर्ताओं के जाल में नानाखेड़ा, फ्रिगंज क्षेत्र के 10 से 11 लोग फंसे है। जिनके साथ लाखों की धोखाधड़ी हुई है। कंपनी ने लोगों ने लाखों का निवेश कराकर कुछ माह तक 2 से 4 हजार रुपए दिये और उसके बाद मुनाफा देना बंद कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कई लोग कंपनी द्वारा की गई धोखाधड़ी के सामने आ सकते है।

## गिरफ्त से दूर महाकाल दर्शन के नाम रुपए लेने वाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल दर्शन के नाम पर महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं से रुपए लेने वाला शुक्रवार शाम तक पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका था। गुरूवार को महाकाल थाना पुलिस ने मामले में सुपरवाइजर की शिकायत पर धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया था।

महाराष्ट्र से तीन श्रद्धालु शार्दुल कांबले, तन्मय भालेकर और मानव गायकोड 13 मई को उज्जैन पहुंचे थे। तीनों ने दोपहर में नंदीहाल से बाबा महाकाल के दर्शन किये और खड़े थे। उस वक्त सुरक्षाकर्मियों ने उन्हे आगे जाने के लिये कहा तो तीनो बहस करने लगे थे। जिसने पूछताछ करने पर सामने आया कि उन्होने दर्शन के लिये 5 हजार रुपए दिये है। उनका संपर्क आशुतोष शर्मा से हुआ था। जिसने भस्मारती दर्शन की बात भी तय की है। सुरक्षाकर्मी तीनों को मंदिर कंट्रोलरूम लाया गया। जहां उन्होने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन आईडी नम्बर 613361985319 के माध्यम से आशुतोष शर्मा के मोबाइल नम्बर 9827363826 बताया। आशुतोष ने प्रोटोकॉल दर्शन नंदीहाल से कराने की बात कहीं थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर के सुपरवाईजर मुकेश बोगना ने मामले की लिखित शिकायत महाकाल थाना पुलिस से की। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि आशुतोष शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। शुक्रवार शाम तक आशुतोष गिरफ्त में नहीं आ सकता था। उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि पूर्व में दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से रुपए लिये जाने के मामले सामने आये थे। मंदिर समिति की ओर से मामले में एक्शन लिया गया था और मंदिर से जुड़े कर्मचारियों के साथ कई बाहरी लोगों को गिरफ्तार किया गया था। काफी दिनों तक श्रद्धालुओं से रुपए लेने की शिकायत सामने नहीं आई थी, लेकिन एक बार फिर दर्शन के नाम पर रुपए लेने वाले सक्रिय होते दिखाई दे रहे हैं।

## घेराबंदी कर पकड़ी 11 मवेशियों से भरी 2 पिकअप



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। हिन्दू संगठन की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर 11 मवेशियों से भरी 2 पिकअप गाड़ी को पकड़ा। मवेशियों को अवैध तरीके से रतलाम की ओर ले जाया जा रहा था। दोनों पिकअप के चालकों के साथ 2 परिचालकों को गिरफ्तार कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि रात में हिन्दू संगठन के कुछ लोगों ने बताया था कि खरसौदकला की ओर से बुलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 09 जीएच 4931 और एमपी 43 झेडएम 9525 में मवेशियों को भाटपचलाना होते हुए रतलाम की तरफ वध के लिये ले जाया जा रहा है। तत्काल दोनों पिकअप को पकड़ने के लिये बेरछा मार्ग पर घेराबंदी की गई। कुछ देर में दोनों पिकअप को रोक लिया गया। उसमें भरे 11 मवेशियों को मुक्त कराया गया और श्रीनाथ गौशाला ओरडी भेजा गया।

वहीं मामले में चालक और परिचालक जितेन्द्र पिता नाहरसिंह ग्राम हाडापत थाना रावटी रतलाम, लालसिंह पिता कालू निनामा ग्राम गंगायता रतलाम, भूरू पिता बारजी ग्राम देतला रतलाम और नंदू पिता बद्दा चारेल निवासी ग्राम गंगायता रतलाम को गिरफ्तार किया गया। चारों के खिलाफ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 4, 6, 9 और 11 (1) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। चारों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मुक्त कराये गये मवेशियों की कीमत 1 लाख और दोनों पिकअप की कीमत 14 लाख रुपए सामने आई है।

# चार दमकालों ने बुझाई अगरबत्ती फैक्टी में लगी आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**पंवासा-बड़नगर में भी जले मकान और झोपड़ी**

मक्सीरोड उद्योगपुरी में गुरूवार-शुक्रवार रात अगरबत्ती फैक्ट्री में लगी आग पर चार दमकलों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। आगजनी में लाखों का नुकसान होना सामने आया है। आगजनी के 2 मामले पंवासा और बड़नगर से भी सामने आये है।

पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड उद्योगपुरी में ताहिर अली द्वारा एचपी ग्राइंडर फैक्ट्री का संचालन किया जाता है। जहां अगरबत्ती बनाने का काम किया जाता है। रात 2 से 3 बजे के लगभग अचानक फैक्ट्री में आग लग गई। धुआं और लपटे उठती देख आसपास के कारखानों में काम करने वालों ने फायर बिग्रेड और फैक्ट्री संचालक का सूचना दी। कुछ देर में चार दमकले मौके पर पहुंची और फायर फायटरों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किये। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिये गया। आगजनी की खबर मिलने पर फैक्ट्री संचालक उद्योगपुरी पहुंच गये थे। आगजनी की वजह सामने नहीं आई लेकिन शार्ट सर्किट की संभावना जताई गई है। फैक्ट्री में अगरबत्ती के साथ कच्चा माल और उपकरण जले है। फैक्ट्री संचालक के अनुसार उन्हे लाखों का नुकसान हुआ है।

#### बड़नगर में रात 3 बजे मकान में आगजनी

आगजनी का दूसरा मामला बड़नगर थाना क्षेत्र की नागेश्वरधाम कालोनी से सामने आया। यहां सांवरिया एग्रीकल्चर का संचालन करने वाले पवन बैरागी के मकान में रात 3 बजे के लगभग आग लगी। लपटे तेजी से मकान के बाहर आई। जिसके चलते पवन बैरागी की एक फोर व्हीलर, एक बाईक और किराये से रहने वाले युवक की एक्टिवा के साथ घर का सामान जल गया। आगजनी के समय मकान में परिवार था, जिसने छत पर भागकर अपनी जान बचाई। आगजनी की सूचना मिलने पर नगर पालिका की फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची थी। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि आगजनी में 3 वाहनों के साथ घरेलू सामान जला है। आग की वजह शार्ट सर्किट होना सामने आया है। मामले में आगजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

#### पंवासा में झोपड़ी जलकर हुई खाक

रात में हुई 2 आगजनी की घटना के बाद शुक्रवार शाम को पंवासा थाना भवन से कुछ दूरी पर एक झोपड़ी में आग लग गई। जहां थामाकौल से बने गद्दे रखे थे। आग तेजी से फैली और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com